दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 16 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 267 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ की कुछ धाराओं पर लगाई रोक

**नई दिल्ली:** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ अहम प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम रोक लगाए जाने का मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) समेत कई संगठनों और धर्मगुरुओं ने सोमवार को स्वागत किया। शीर्ष अदालत में इस विवादित अधिनियम को चुनौती देने वाली जमीयत के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि उनका संगठन इस 'काले कानून' के खत्म होने तक अपनी कानूनी और लोकतांत्रिक जद्दोजहद को जारी रखेगा। वहीं, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि उसे अदालतों पर पूरा भरोसा है और इंसाफ मिलने की उम्मीद है।




**कोर्ट का स्वागत योग्य कदम :** शीर्ष अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, एआईएमपीएलबी के कार्यकारी सदस्य खालिद रशीद फरंगी महली ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि मुसलमान और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर रोक चाहता था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई है, जो एक स्वागत योग्य कदम है।

**अंतिम फैसला आने पर मिलेगी पूरी राहत :** उन्होंने कहा कि हमें इससे काफी राहत मिली है। हमें उम्मीद है कि जब अंतिम फैसला आएगा, तो हमें पूरी राहत मिलेगी। मदनी ने 'एक्स' पर कहा, ₹जमीयत उलेमा-ए-हिंद वक़्फ कानून की तीन अहम विवादित धाराओं पर मिली अंतरिम राहत के फैसले का स्वागत करती है। जमीयत इस काले कानून के खत्म होने तक अपनी कानूनी और लोकतांत्रिक जद्दोजहद जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमें यक ीन है कि उच्चतम न्यायालय इस काले कानून को समाप्त करके हमें पूर्ण संवैधानिक न्याय देगा, इंशा अल्लाह (अल्लाह ने चाहा तो)।

**न्याय मिलने की पूरी उम्मीद :** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव यासूब अब्बास ने कहा, 'हम उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं। हमें अपनी अदालतों पर पूरा भरोसा है और हमें न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है।'

# सांसद और विधायक की टीमें खेलेंगी क्रिकेट, वॉलीबॉल और खो-खो

**पहल**

**"शुरू हो गई हैं तैयारी, ब्लॉक स्तर पर होगा खेलों का आयोजन**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव की तैयारी अपनी जगह हैं, लेकिन खेल अपनी जगह। राजनीति में खेला हो जाता है, मगर अब राजनीति वाले खेल लेकर आ रहे हैं। सरकार सांसदों और विधायकों के साथ मिलकर जिले में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने जा रही है। इन प्रतियोगिताओं को सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता का नाम दिया गया है।

पहले इस प्रतियोगिता को केवल सांसदों के लिये रखा गया था। सांसदों को अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता आयोजित करानी है, लेकिन अब नए फॉर्मेट में विधायक भी जोड़ दिये गये हैं। अब लोकसभा में विधानसभा वाले भी मिलकर खेल प्रतियोगिता आयोजित कराएंगे।




गाजियाबाद में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और धौलाना विधायक धर्मेश तोमर मिलकर खेल प्रतियोगिता आयोजित कराएंगे।

## आठ खेलों के लिये 20 हजार खिलाड़ियों का होगा पंजीकरण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता के लिये आठ खेल रखे गए हैं। जिनका पंजीकरण होगा। ये प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रखी गई है। इस खेल प्रतियोगिता में सांसद और विधायक दोनों मिलकर अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराएंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, खो-खो- जैसे आठ खेलों को रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 20 हजार खिलाड़ियों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आशा जताई कि इस लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना विकसित करना है और युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना है। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि अभी तक तीन हजार पंजीकरण हो चुके हैं।

## टी-शर्ट पर होगा पीएम-सीएम का फोटो और मिलेगा सबको प्राइज

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में भी सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता होगी। इसके पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सभी खिलाड़ियों को सरकार की ओर से टी-शर्ट मिलेगी। जिस पर सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता लिखा होगा। इस पर आगे की तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोटो होगा। सांसद ने बताया कि टी-शर्ट पर अन्य मेटर क्या होगा इसका परफोर्मा आएगा।

## ब्लॉक में खेले जाएंगे प्रतियोगिता के सभी गेम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई हैं। ये प्रतियोगिता सबसे पहले ब्लॉक स्तर पर होगी। इसके बाद जो टीमें ब्लॉक स्तर पर जीतेंगी फिर विधानसभा स्तर पर मैच होंगे। सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिये प्रमाण पत्र भी मिलेगा और प्राइज भी दिया जाएगा।

## एक महीने तक होगा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता लेक आई है। ये प्रतियोगिता युवाओं के लिये है और एक महीने का खेल कार्यक्रम इस प्रतियोगिता के लिये रखा गया है। बताया जाता है कि गाजियाबाद में 15 नवंबर से खेल प्रतियोगिता शुरू होगी और 25 दिसंबर तक ये लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

## सांसद अतुल गर्ग ने की युवाओं से अपील



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमेशा से सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, सामाजिक सद्भावना, थियेटर संस्कृति और खेल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहन देते रहे हैं। उनका मानना है कि जब देश की युवा शक्ति अपनी ऊर्जा को खेलों में लगाएगी तो हमारे देश की खेल प्रतिभा निखरकर बाहर आएगी। सांसद-विधायक खेल प्रतियोगिता को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उत्साहित हैं। उन्होंने गाजियाबाद के युवाओं से अपील की है कि सभी युवा ज्यादा से ज्यादा इस खेल प्रतियोगिता में भाग लें। अपनी खेल क्षमताओं का परिचय दें। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युवाओं को इस प्रतियोगिता को एक अवसर की तरह लेना चाहिए। खेल भावना की थीम के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लें और यहां उन्हें एक प्लेटफार्म अपनी खेलकूद की क्षमताओं को निखारने का मिलेगा।

# कवि नगर रामलीला में फंस गया पार्किंग वाला पेंच, क्या दो स्कूलों में पार्किंग प्लेस को हो गई ना

**रामलीला**

**"गाजियाबाद में कवि नगर रामलीला मैदान में 17 सितंबर से होगा रामलीला के मेले का आगाज**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में कवि नगर रामलीला मैदान में बड़ी रामलीला आयोजित होती है। जहां शहर से लेकर देहात तक के लोग रामलीला और मेले का आनंद लेने आते हैं। अबकी बार 17 सितंबर से यहां रामलीला के मेले की शुरूआत होने वाली है लेकिन अब तक पार्किंग स्थल को लेकर स्थिति वाला पेंच फंसा हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस ने पार्किंग और रामलीला कमेटी के साथ जो प्लान किया था, उसमें पंगा हो गया है। बताया जा रहा है की रामलीला मैदान के पास दो स्कूल है, जहां वाहनों की बड़ी संख्या में पार्किंग की जाती थी लेकिन इस बार अभी पार्किंग वाला मामला फंसा हुआ है और पार्किंग वाला स्थान फाइनल नहीं होता है तो यह बड़ी समस्या हो सकती है, क्योंकि यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते हैं और उनके वाहन पार्क होते हैं। ऐसे में पार्किंग स्थल की कमी सड़क पर जाम और असुविधा का कारण भी बन सकती है।

## ट्रैफिक और थाना पुलिस के लिए बड़ा सरदर्द रहता है मेला, सुरक्षा और जाम



करंट काइम : कवि नगर वाली रामलीला का आयोजन लगभग दो सप्ताह तक चलता है। यहां राम बारात से लेकर भजन संध्या और भव्य रामलीला से लेकर मनमोहन आतिशबाजी तक रामलीला मैदान कवि नगर की रौनक भीड़ और लोगों का रेला बताता है कि यह टीआरपी से लेकर भीड़ के मामले और लोगों के लिए सबसे ज्यादा देखने वाली रामलीला रहती है। यहां के कलाकारों का मंचन और रामलीला समिति द्वारा आयोजित और की जाने वाली तैयारी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं लेकिन जिस तरीके से अब तक पार्किंग वाले मामले को लेकर सिचुएशन बनी हुई है अगर यह है क्लियर नहीं होती है, तो आने वाले दिनों में ट्रैफिक और थाना पुलिस के लिए बड़ी टेंशन होगी। बता दें यहां पर बड़ी संख्या में वाहनों को कहा पार्क कराया जाए और उनकी सुरक्षा को लेकर भी बड़ा प्रबंध करना होगा। उधर सूत्र बता रहे हैं की रामलीला कमेटी कवि नगर के पदाधिकारियों द्वारा कोई ना कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने का अधिकारियों से वादा कर लिया गया है, जो राहत वाली बात नजर आ रहा है।

# सपा साध रही है गाजियाबाद की सभी सीटों पर जातिगत गणित

**विधानसभा चुनाव**

**"उम्मीदवारी की रेस में शामिल दावेदारों से मांग लिया डाटा**






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में मंच से बातें भले ही सबके साथ की हो, मंच से बातें भले ही अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ देने की हो, मंच से भले ही विश्व कल्याण की बात हो लेकिन भारतीय राजनीति का एक कॉमन कैरेक्टर ये है कि यहां सियासत का मेटर बिना जाति को साथ लिये सॉल्व भी नहीं हो सकता। राजनीति है तो जाति है और जाति वो फैक्टर है जो लाख कोशिशों के बाद भी राजनीति से जाती नहीं है।

बात किसी एक दल विशेष की नहीं है ये नियम सब पर लागू होता है और हर दल संगठन से लेकर चुनाव तक इस जाति के गतिण को साधता है। संगठन में पद मिलते हैं तो जातीय संतुलन साधा जाता है। टिकट की बेला आती है तो जाति का समीरण पहले आगे आता है। प्रत्येक विधानसभा में ये देखा जाता है कि वहां किस जाति के कितने मतदाता हैं।

हर पार्टी अपने स्तर पर सर्वे कराती है और राजनीति के चेहरों को बाकायदा ये खबर होती है कि किस विधानसभा में किस जाति के कितने अनुमानित मतदाता हैं। इसी के आधार पर सियासत का गणित सेट होता है। विपक्ष की बात करें तो यहां सपा ने अभी से चुनावी तैयारी शुरू की है और सबसे बड़ी बात ये है कि समाजवादी पार्टी गाजियाबाद में प्रत्येक सीट पर जातीय समीकरण साध रही है। यहां वो दावेदारों के हाथ से ही उस डाटा को लेना चाहती है जिस डाटा में जाति के सारे आंकड़े हों। समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारी की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों से उनके क्षेत्र के जातिगण आंकड़े मांग लिये हैं।

बताया जाता है कि बूथ से लेकर विधानसभा तक जाति का एक खाका तैयार हो रहा है। दावेदारों से पूछा गया है कि उनके क्षेत्र में ओबीसी वोट कितनी हैं, अनुसूचित जाति के वोटर कितने हैं और सामान्य वर्ग के मतदाता कितने हैं।

बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी इस कैलकुलेशन के आधार पर 2027 के इलेक्शन को साधेगी। पार्टी का थिंक टेंक ये मानकर चल रहा है कि जब जातिगत आंकड़ें होंगे तो सीटों पर उम्मीदवार का चेहरा तय करने में आसानी रहेगी।

सूत्र बताते हैं कि सपा हाईकमान ने बाकायदा एक फॉर्मेट भेजा है और इसी फॉर्मेट के हिसाब से दावेदारों को ये बताना है कि उनकी विधानसभा में कितने ओबीसी, कितने सामान्य और कितने अनुसूचित जाति के मतगणना हैं। बताया जाता है कि दावेदारों के अलावा संगठन को भी इस काम पर लगाया गया है और समाजवादी पार्टी इसी कैलकुलेशन के आधार पर इलेक्शन में अपना उम्मीदवार उतारेगी।

# सोमवार से नगर में रावण राज शुरू

## ढोल-नगाड़ों के साथ गूंजी मुनादी - 'राम का नाम लिया तो मिलेगा दंड!'

**अनोखी परंपरा**

**"इस अनोखी परंपरा की शुरुआत श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी ने की**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हा हा हा...आज नगर में मानो इतिहास फिर से जीवित हो उठा! रावण राज का आगाज हो चुका है और नगर की गलियाँ गूंज उठी हैं। रावण के दूत ने ढोल बजाकर कर्कश आवाज में एलान किया - अब हर नगरवासी सिर्फ राजा रावण का नाम जपेगा, राम का नाम लिया तो दंड भुगतना पड़ेगा! इस धमाकेदार ऐलान को सुनते ही हर गली-नुक्कड़ पर बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी की इस अनोखी परंपरा की शुरूआत सोमवार शाम हुई। ठाकुरद्वारा मंदिर से शाम पाँच बजे 'रावण का दूत, मक्खी चूस' हास्य झांकी निकाली गई। झांकी जैसे ही निकली, तालियों और ठहाकों से सारा वातावरण गूंज उठा। झांकी को रवाना करने से पहले अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू और सवारी मंत्री अजय गुप्ता ने पूजा-अर्चना की।



इसके बाद जब रावण दूत की सवारी ने ठाकुरद्वारा मंदिर से कूच किया तो दिल्ली गेट, चौपला मंदिर, डासना गेट, रमतेराम रोड, राइट गंज और अग्रसेन बाजार की गलियाँ जय लंकेश के नारों से गूंज उठीं। सवारी के रामलीला मैदान पहुँचते ही एक और भव्य आयोजन ने सबका दिल जीत लिया। मंच पर श्याम संकीर्तन की अद्भुत प्रस्तुति हुई। वृंदावन से आए मुरली मनोहर शरण और दिल्ली से आए संदीप, साक्षी साहनी व गोपाल भारद्वाज ने श्याम बाबा के भजनों की ऐसी झड़ी लगाई कि उपस्थित श्याम प्रेमियों के कदम थिरक उठे।

हर भजन पर तालियों की गड़गड़ाहट और 'श्याम बाबा की जय' के जयघोष ने पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों की भीड़ ने भजनों का रसास्वादन कर इस रात को अविस्मरणीय बना दिया।

इस अवसर पर संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, प्रदीप मित्तल, रविन्द्र मित्तल, आलोक गर्ग, दिनेश शर्मा बब्बे, राजीव शर्मा, प्रदीप गर्ग, श्रवण गर्ग, नंद किशोर शर्मा, संजीव शर्मा, सुभाष बजरंगी, वीरेंद्र कंडेरा, पार्षद नीरज गोयल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम की भव्यता में चार चाँद लगाए।

**हास्य झांकी**

**"ठाकुरद्वारा मंदिर से शाम पांच बजे 'रावण का दूत, मक्खी चूस' हास्य झांकी निकाली गई**

# पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिव्यांगों और बुजुर्गों को 64.66 करोड़ का खास गिफ्ट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिल्ली सरकार सेवा पखवाड़े में 64.66 करोड़ की लागत से दृष्टिबाधित छात्राओं, बौद्धिक रूप से दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए अटल दृष्टि छात्रावास, अटल आशा गृह और सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह का उद्घाटन करेगी। ये केंद्र आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन के लिए सुविधाएं प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़े में दिल्ली सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों को भी खास तोहफा देगी। कॉलेज जाने वाली दृष्टिबाधित छात्राओं को अटल दृष्टि छात्रावास, बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को अटल आशा गृह और बुजुर्गों को सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह मिलेंगे। कुल 64.66 करोड़ रुपये की लागत से बने ये केंद्र विशेष वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर और सम्मान से जीने के अवसर देंगे।

### अमित शाह करेंगे शुभारंभ उद्घाट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह त्यागराज स्टेडियम से इनका शुभारंभ उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने रविवार को बताया कि उनकी सरकार असहाय वर्ग के लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए काम कर रही है। किसी भी वर्ग को सुविधाएं देने से सरकारी पीछे नहीं हटेगी। तिमारपुर में डीयू के पास 13.42 करोड़ रुपये की लागत से दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए चार मंजिला छात्रावास बनाया गया है। करीब 3703.43 वर्गमीटर में बने इस भवन में 96 छात्राओं के रहने की जगह है। इसे छात्राओं की सुविधा के लिहाज से डिजाइन किया गया है, उसी के अनुरूप सहायक सुविधाएं लगाई गई हैं। वरिष्ठ नागरिक गृह बनेगा 96 का ठिकाना पश्चिम विहार में 10.64 करोड़ रुपये से 2257 वर्गमीटर में चार मंजिला सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह बनाया गया है। इसमें 96 बुजुर्गों के लिए रहने का इंतजाम है। इस केंद्र में चिकित्सा, पौष्टिक भोजन और मनोरंजन की सुविधाएं भी मिलेंगी।

### कमजोर वर्गों के लिए ये नई उम्मीद

मुख्यमंत्री ने बताया कि विशेष वर्ग के लोगों के लिए ये केंद्र अटल बिहारी वाजपेयी और सावित्रीबाई फुले की स्मृति में बनाए गए हैं। ये पहल कमजोर वर्गों को सुविधाएं देगी। प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े में 75 योजनाएं शुरू होंगी।

### अटल आशा गृह में 220 लोगों को मिलेगी जगह

नरेला में 40.60 करोड़ रुपये की लागत से 12,500 वर्गमीटर में चार मंजिला अटल आशा गृह बनाया गया है। इसमें बौद्धिक रूप से दिव्यांग 220 लोग रहेंगे, इन्हें भोजन, स्वास्थ्य जांच, शिक्षा, खेल और मनोरंजन की सुविधाएं भी यहीं पर मिलेंगी।

## अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

# बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे में टेका माथा



**चंडीगढ।** राहुल ने अपने सोशल मीडिया पर पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, जम्मू-कश्मीर में आई बाढ़ पर गहरी चिंता व्यक्त की और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि इस संकट की घड़ी में लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाई जाए। उन्होंने लिखा कि इन सभी प्रभावित इलाकों के लिए राहत पैकेज जारी किया जाए और लोगों के पुनर्वास के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पंजाब दौरे पर हैं। वे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रमदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रुबरु हो रहे हैं।

### बिट्टू ने कसा तंज, बोले, बाढ़ के समय मना रहे थे छुट्टियां

राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तंज कसा है। बिट्टू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी पंजाब आ रहे हैं। जब उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हो रहे थे, तब वह छुट्टियों का आनंद लेने में व्यस्त थे। जब पंजाब डूब रहा था और लोग रो रहे थे तो वह मलेशिया में ऐश कर रहे थे। यह दौरे लोगों का दर्द मिटाने के लिए नहीं, सियासी स्टेज पर ड्रामेबाजी करने के लिए लग रहे हैं।

## बिहार के सीमांचल से प्रधानमंत्री का देश को संदेश-

# घुसपैठ खत्म करने की मोदी की गारंटी



**पटना।** प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल होकर बिहार में बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में सीमांचल के सबसे बड़े जिले में आए तो यहां से पूरे देश, विपक्ष के साथ दुनिया को नई गारंटी दी। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि अब घुसपैठ पर रोक मोदी की गारंटी है। बिहार में चुनाव की अधिसूचना अलगे माह के पहले हफ्ते में जारी होने के आसार हैं। चुनावी को लेकर घमासान जारी है। विपक्ष मतदाता सूची प्रारूप को लेकर चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। इन सबके बीच पीएम मोदी ने उस क्षेत्र से बड़ा एलान किया है, जहां सबसे अधिक घुसपैठ होने के आरोप लगते हैं। पीएम मोदी ने पूर्णिया के शीशाबाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर हालत में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। अब इस देश में उनकी मनमानी नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है कि हर हाल में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। कांग्रेस- राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे पीएम मोदी ने कहा कि आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिहार, बंगाल और असल के लोग अपनी बहन बेटियों के लिए चिंतित है। इसलिए मैंने लालकिले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्हें बचाने में लगे हैं। बेशर्मी के साथ विदेश से आने वाले घुसपैठियों को बचाने के लिए यह लोग नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। यह लोग बिहार और देश के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं।

भारत में घुसपैठियों की मनमानी नहीं चलेगी प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूर्णिया की इस धरती से मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं। यह राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर मेरी बात सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना, एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। जो नेता बचाव में खड़े हैं, जो घुसपैठियों को बचा रहे हैं।

# सीएम योगी ने मृत भाजपा कार्यकर्ता के पिता व भाई से की मुलाकात, बोले- दोषी पर कार्रवाई होगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल की उपस्थिति में जनपद गाजीपुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मृतक सियाराम उपाध्याय के पिता एवं भाई ने भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर पुलिस लाठीचार्ज में मृत भाजपा कार्यकर्ता के भाई व पिता से मुलाकात की। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी ने शोक संतप्त परिजनों से कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है। घटना की एसआईटी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय की कथित तौर पर पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी जिसके बाद से परिजन आक्रोशित हैं और सरकार की तरफ से दी गई आर्थिक सहायता भी ठुकराने का एलान कर चुके हैं। आरोप है कि रात करीब डेढ़ बजे बिजली बंद कर पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों पर लाठीचार्ज किया था। इसमें छह से अधिक लोग घायल हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ता राजेश राय बागी का हाथ टूट गया था, जबकि घायल दिव्यांग सियाराम उपाध्याय की मौत हो गई थी। इस मामले में एसपी डॉ. ईरज राजा ने एसओ सहित 6 पुलिस कर्मियों को निलंबित और पांच को लाइन हाजिर कर दिया था।

### हृदय गति रुकने से हुई मौत, सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले

मृत भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय के शव का बृहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे दो डॉक्टरों के पैनल ने दो घंटे तक वीडियोग्राफी बीच पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि हुई है, लेकिन सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। इसके अलावा, दाहिनी कोहनी, पीठ के नीचे दाहिनी तरफ, बाएं पैर में भी चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। नौ सितंबर को कुछ लोग नोनहरा थाने पहुंचे थे और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए धरने पर बैठ गए थे।

## 'कोई भी गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी'

# कोर्ट ने अंतिम दलीलों के लिए तय की तारीख



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर भारतीय चुनाव आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई भी अवैधता पाई जाती है, तो वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की पूरी प्रक्रिया को रद्द कर देगा। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्तूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर कोई भी विस्तृत राय देने से इनकार कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उसके अंतिम फैसले का एसआईआर प्रक्रिया पर अखिल भारतीय प्रभाव पड़ेगा।

### 'देश भर में प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकते'

पीठ ने स्पष्ट किया कि वह चुनाव आयोग को देश भर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाकताओं को 7 अक्तूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी बहस करने की अनुमति दे दी।

### एक अन्य याचिका पर नोटिस

इस बीच शीर्ष अदालत ने 8 सितंबर के उस आदेश को वापस लेने की मांग वाली एक याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग को बिहार एसआईआर में आधार कार्ड को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया गया था। 8 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर इसकी वास्तविकता का पता लगा सकता है।

# सात दिन में एक ही गांव की चार पीढ़ियां खत्म हादसों की कड़ी ने कंपा दिया फूलिया कला गांव



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के फूलिया कला गांव के लोगों के साथ बीते सात दिनों में हुई दर्दनाक घटनाओं ने पूरे प्रदेश का दिल कंपा दिया। गांव में एक व्यक्ति की मौत हुई, फिर उसका अस्थि विसर्जन करके लौट रहे सात लोग जयपुर में सड़क हादसे में चल बसे। अब इन लोगों का अंतिम संस्कार करने गए गांव के सात युवक खारी नदी में डूब गए, जिनमें से दो की मौत हो गई। यानि कुल मिलाकर गांव में नौ लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें चार पीढ़ियां शामिल हैं।

भीलवाड़ा की शाहपुरा पंचायत समिति के फूलिया कला गांव में दुख को गहरा देने वाला हादसा सामने आया। जयपुर के शिवदासपुरा में हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत का गम झेल रहे परिवार और ग्रामीण अंतिम संस्कार के बाद खारी नदी के एनिकट पर नहाने पहुंचे। इनमे से सात युवक डूबने लगे, जिनमें से दो की मौत हो गई, एक युवक अब भी लापता है। चार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो की मौत, एक अब भी लापता इस हादसे में महेंद्र माली और बरदी चंद की मौत हो गई। उनकी बॉडी नदी से बाहर निकाल ली गई। वहीं, महेश पुत्र राधेश्याम शर्मा का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। उसकी तलाश के लिए प्रशासन और स्थानीय लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों का अस्पताल दौरा हादसे की सूचना मिलते ही सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और जिला कलेक्टर जसमित सिंह संधु शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती युवकों की स्थिति जानी और चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जिला कलेक्टर ने हादसे की जांच कराने और प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

### चार पीढ़ियों में मौत, गांव में छाया मातम

फूलिया कला गांव पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक सप्ताह के भीतर चार पीढ़ियों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। पहले गोपाल वैष्णव का निधन हुआ, फिर अशोक वैष्णव और उनके परिवार के चार सदस्य सड़क हादसे का शिकार बने।

### दो परिवारों के सात सदस्यों की जयपुर में हुई थी मौत

जानकारी के मुताबिक, 14 सितंबर की सुबह जयपुर के शिवदासपुरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो परिवारों के सात लोगों की जान चली गई। ये सभी हरिद्वार से अस्थि विसर्जन करके लौट रहे थे। मृतकों में भीलवाड़ा के फूलिया कला गांव निवासी अशोक वैष्णव (47), उनकी पत्नी सीमा (45), बेटा रोहित (23) और पोता गजराज (6) शामिल थे। अशोक वैष्णव के पिता गोपाल वैष्णव का हाल ही में देहांत हुआ था, उन्हीं की अस्थियां विसर्जित कर ये लोग लौट रहे थे। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि कार 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में गिर गई और सातों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार दोपहर में हादसे का पता चलने पर शव बाहर निकाले गए।

### सड़क हादसे के बाद श्मशान में उमड़ा जनसैलाब

रविवार को इन सातों का अंतिम संस्कार फूलिया कला के धानेश्वर रोड स्थित श्मशान घाट में हुआ। गांव और आसपास से बड़ी संख्या में लोग इस विदाई में शामिल हुए और शोकाकुल माहौल में परिजनों को ढांढस बंधाया।

### नहाने के दौरान सात युवक डूबे

अंतिम संस्कार के बाद परिजन और ग्रामीण परंपरा के तहत खारी नदी के एनिकट पर नहाने पहुंचे। इसी दौरान विजय प्रताप सिंह (30), मुकेश गोस्वामी (25), महेंद्र माली (25), बरदी चंद (34), महेश (35), राकेश (28) और जीवराज (30) अचानक गहरे पानी में डूबने लगे। मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव का प्रयास किया और राकेश, जीवराज, विजय प्रताप सिंह व मुकेश गोस्वामी को बाहर निकाल लिया गया। चारों को फूलिया कला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए तीन को शाहपुरा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## 'भारत-पाकिस्तान मैच से पीसीबी ने कमाए 1000 करोड़

# पैसा होगा भारत के खिलाफ इस्तेमाल', संजय राउत का हमला





**मुंबई।** राउत ने दावा किया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अकेले इस मैच से करीब 1,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'यह पैसा हमारे खिलाफ इस्तेमाल होगा। क्या सरकार और बीसीसीआई को इसकी जानकारी नहीं है शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोमवार को सनसनीखेज आरोप लगाया कि रविवार को खेले गए भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का सट्टा खेला गया। राउत के मुताबिक, इस सट्टे में से 25,000 करोड़ रुपये पाकिस्तान पहुंचे हैं।

मैच के आयोजन पर उठे सवाल यह हाई-वोल्टेज मुकाबला ऐसे समय में खेला गया जब भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव चरम पर है। पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद मई में भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। ऐसे हालात में मैच के आयोजन पर कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने बहिष्कार की मांग की थी।

### राउत का हमला: 'सरकार आंखें खोले'

राउत ने कहा, 'जब देश में ऐसा माहौल है, तब पाकिस्तान को आर्थिक फायदा पहुंचाने वाले मैच खेलना समझ से परे है। सट्टेबाजी का इतना बड़ा जाल सरकार की आंखें खोलने के लिए काफी होना चाहिए।' भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा से भावनाओं का केंद्र रहा है, लेकिन इस बार मैदान से बाहर के विवादों ने इसे और ज्यादा चर्चा में ला दिया है।

'देशभक्ति पर मुनाफे को चुना' वहीं, कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा, 'मैं पहले से कह रहा था कि भारत-पाकिस्तान का यह मैच खेला ही नहीं जाना चाहिए था। यह बेहद शर्मनाक है कि बीसीसीआई ने इस मैच को कराने का फैसला लिया। यह पहलगाम में मारे गए लोगों का अपमान है और हमारे सैनिकों का अपमान है। सरकार ने साफ तौर पर देशभक्ति पर मुनाफे को चुना।'

### 'बीसीसीआई के ठेकेदार मजदूरों से ज्यादा कुछ नहीं'

प्रियांक खड़गे ने विवादित बयान देते हुए कहा, 'अभी खेलने की क्या जरूरत थी? यह हाथ न मिलाने का ड्रामा किसके लिए है? किसे बेवकूफ बनाने की कोशिश हो रही है? सारे राष्ट्रवादी कहां छिप गए हैं? अगर भारतीय टीम के कप्तान ने खेलने से इनकार कर दिया होता तो मैं उनकी सराहना करता... दुर्भाग्यवश, 'मेन इन ब्लू' (यानी भारतीय टीम) बीसीसीआई के ठेके वाले मजदूरों से ज्यादा कुछ नहीं हैं।'

भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन मालूम हो कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर ग्रुप ए से सुपर-फोर में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

### पीसीबी को 1,000 करोड़ की कमाई

राउत ने दावा किया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अकेले इस मैच से करीब 1,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'यह पैसा हमारे खिलाफ इस्तेमाल होगा। क्या सरकार और बीसीसीआई को इसकी जानकारी नहीं है?'

### हाथ न मिलाने की घटना को बताया 'नाटक'

भारत ने यह मुकाबला सात विकेट से जीता, लेकिन मैच के बाद खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। राउत ने इस कदम को भी दिखावा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक फैसला नहीं था बल्कि बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट की सहमति से लिया गया निर्णय था।

## लखीमपुर खीरी में शारदा का कहर

# गांव की सड़क समेत चार और मकान नदी में समाए, 70 से अधिक परिवार हुए बेघर





**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी का कटान थमने का नाम नहीं ले रहा। कटान से ग्रंट नंबर-12 गांव के 70 से अधिक मकान नदी में समा चुके हैं। सोमवार को गांव के बीचों-बीच बनी इंटरलॉक सड़क भी नदी में समा गई। सड़क के दोनों ओर पक्के मकान थे। एक तरफ का पूरा हिस्सा पहले ही नदी में बह चुका है। अब दूसरी ओर भी खतरा मंडरा रहा है। नदी में लटकी सड़क को देखकर ग्रामीण सहमे हुए हैं।

सोमवार सुबह कटान तेज हुआ तो गांव की श्यामकली, अर्चना, कन्यादेवी और रोशन के पक्के मकान पलक झपकते ही नदी की धारा में समा गए। मकान ढहने से पहले ही ग्रामीणों ने गृहस्थी का सामान निकाल लिया। अब वह सड़क किनारे डेरा डालकर रहने को मजबूर हैं। कटान पीड़ितों का कहना है कि शारदा अब विकराल रूप ले चुकी है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल श्याम नन्दन मिश्रा ने बताया कि कटान की जद में आने वाले सभी से घरों को खाली करने के लिए सचेत किया जा चुका है।

### सड़क किनारे रहने को मजबूर

पीड़ित श्यामकली ने बताया कि कुछ दिन पहले कटान थमा तो उम्मीद जगी थी, लेकिन सोमवार सुबह अचानक मकान ध्वस्त हो गया। वहीं, कन्यादेवी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के साथ सड़क पर गुजार कर रहे हैं। सुबह घर देखने गईं तो आधा मकान कट चुका था, थोड़ी देर बाद शेष हिस्सा भी नदी में बह गया।

### आधा गांव नदी में समाया

ग्रामीणों के मुताबिक अब तक गांव के करीब 72 मकान शारदा की धारा में समा चुके हैं। हालात यह हैं कि अब तक आधा गांव नदी में समा चुका है। जहां पहले मकान थे, वहां अब नदी की धारा बह रही है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 16 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 18 सितंबर से होगा कवि नगर रामलीला का भव्य आगाज

## प्रतिदिन सिर्फ तीन घंटे में होगा रामलीला का संपूर्ण मंचन

## श्रीराम वन गमन पथ की प्रदर्शनी दिलाएगी रामायण काल की याद



ललित जायसवाल
रामलीला कमेटी अध्यक्ष

**जय श्रीराम**

> फेमस झूलों से लेकर अलग-अलग राज्यों के पकवानों का मिलेगा स्वाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 18 सितंबर से कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्री धार्मिक रामलीला समिति की श्री रामलीला महोत्सव 2025 का विधिवत शुभारंभ होने जा रहा है। 18 सितंबर को शाम 6 बजे से विशाल शोभा यात्रा निकलेगी, जो गणेश यात्रा के नाम से निकल जाएगी। तो वहीं 19 सितंबर को मां भगवती की चौकी होगी। इसके लिए बॉलीवुड के सिंगर और भजन सम्राट आएंगे। तो लोगों को अपने आकर्षक मेले, आधुनिक स्टॉल और अलग-अलग राज्यों के पकवानों के लिए आकर्षित करने वाली कवि नगर रामलीला में इस बार भी दिल्ली के खास कलाकार तीन घंटे में संपूर्ण रामलीला का शानदार मंचन करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इसके लिए कवि नगर रामलीला मैदान में झूले लगाने से लेकर अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा सहित समस्त पदाधिकारियों की टीम और कर्मचारियों ने मेले को फाइनल रूप देने की तैयारी शुरू कर दी हैं।










### श्री राम के वनवास प्रस्थान के अलग-अलग चित्रों और घटनाक्रम का होगा विवरण

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्री रामलीला महोत्सव 2025 में श्री धार्मिक रामलीला समिति रामायण काल की उस प्रदर्शनी को लगाने जा रही है, जिसमें भगवान श्री राम के वनवास प्रस्थान के अलग-अलग चित्रों और घटनाक्रम का विवरण किया जाएगा। इसके लिए अलग से प्रदर्शनी लगाई जा रही है। जिसे रामलीला देखने आने वाले लोग निशुल्क देख पाएंगे। इसके लिए अलग से कॉर्नर बनाया गया है, जहां आकर्षक लाइटें और बेहतर व्यवस्था करते हुए प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### रामलीला मैदान के गोल चक्कर में प्रस्तुत होगा शिव तांडव का नजारा, बजेगी डमरू की धुन



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान अपनी हाईटेक प्रदर्शनी से लेकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं के लिए पहचान रखती है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। तो शहर के गणमान्य लोगों की भी हर दिन उपस्थित बताती है कि मेला लोगों को यूं ही पसंद नहीं आता है। कवि नगर की श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा इस बार रामलीला मैदान कवि नगर के मुख्य गोल चक्कर में शिव तांडव का रूप प्रदर्शित किया जाएगा, वहां भगवान भोलेनाथ डमरू बजाते हुए नजर आएंगे और डमरू की धुन दूर तक रामलीला मैदान में गूंजेगी। इसकी मशीन और तकनीक को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया गया है, जो अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। यह स्थान लाइटिंग और पानी के फव्वारे से अलग ही सुंदरता प्रस्तुत करता है।

### स्वच्छता का रहेगा विशेष ध्यान, निजी सफाई कर्मी संभालेंगे इंतजाम




करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत सपने को साकार करने की थीम पर इस बार भी कवि नगर रामलीला मैदान में 100 से अधिक स्थानों पर कूड़ेदान लगाए जा रहे हैं। तो वहीं निजी सफाईकर्मियों को लगाकर गंदगी को हटाने और पूरे रामलीला मैदान परिसर को स्वच्छ बनाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अपील भी की जाएगी कि वह गंदगी ना फैलाएं, स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में रामलीला समिति कवि नगर का सहयोग प्रदान करें।

### निशुल्क मिलेगा वॉटर कूलर से मिनरल वाटर




करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आने वाले लोगों को निशुल्क पानी की व्यवस्था तो बीते कई सालों से की जाती आ रही है लेकिन इस बार लोगों को मिनरल वाटर कूलर के जरिए निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए दो स्थानों पर चार वाटर कूलर लगाए गए हैं। जिससे प्रतिदिन कई सौ लीटर पानी लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। कवि नगर रामलीला समिति द्वारा इसकी निशुल्क व्यवस्था की गई है।

### इलेक्ट्रिक कार, टोरा टोरा झूला और भूत बंगला बना देगा बच्चों और बड़ों को दीवाना













करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव और मेले का सभी को सालभर इंतजार रहता है। कवि नगर रामलीला मेले में आने वाले अलग-अलग उम्र के लोग बच्चों से लेकर बुजुर्ग यहां आनंद ले सकेंगे। इसके लिए रामलीला समिति द्वारा 50 से अधिक छोटे-बड़े झूले लगाए गए हैं। जिनमें अलग-अलग राइट्स उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही टोरा-टोरा झूला, भूत बंगला और अप्पू घर में चलने वाली इलेक्ट्रॉनिक कार रेस भी यहां पहली बार देखने को मिलेगी। इसके लिए बाकायदा अलग से चैंबर और झूला केंद्र बनाया गया है, जहां लोग सालों पहले बंद हो चुके अप्पू घर की इलेक्ट्रिक कार राइट का आनंद ले सकेंगे और पुरानी यादों को नई रील व फोटो के साथ यादगार बनाएंगे।

### राजस्थानी जायके से लेकर मथुरा का दूध और पंछी कुल्फी से लेकर टिक्की का मिलेगा स्वाद

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में अलग-अलग फूड स्टाल लगाए जाते हैं। जहां लोग अलग-अलग राज्यों के पकवान से लेकर देसी और फास्ट फूड से लेकर लिट्टी चोखा और दूध-जलेबी, मिठाई, पंछी कुल्फी से लेकर टिक्की और जलजीरा सहित दर्जनों अलग-अलग आइटम का आनंद ले सकते हैं। खान-पान के अलग-अलग स्टॉल लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं 18 सितंबर से शुरू होकर रामलीला कवि नगर का वर्ष 2025 का महोत्सव 5 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें 5 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं आतिशबाजी का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### 3 अक्टूबर को होगा नाटक मंचन और चार को श्याम महोत्सव

करंट क्राइम : रामलीला मैदान कवि नगर में अगले 20 दिन मेला और रौनक आसपास के लोगों को यहां खींचने का काम करेगी। 2 अक्टूबर को दशहरे के दिन यहा संपूर्ण रामलीला एवं पुतला दहन का कार्यक्रम होगा। तो 3 अक्टूबर को नाटक मंचन महिषासुर मर्दिनी दुर्गा प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही 4 अक्टूबर को शाम से श्याम महोत्सव का कार्यक्रम होगा, जिसमें बड़े कलाकार शिरकत करेंगे।

### सीसीटीवी से लैस रहेगा रामलीला का हर एक कोना, पीएसी और थाना पुलिस संभालेगी सुरक्षा की कमान



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते हैं। तो यहां सुरक्षा का भी निजी गार्ड्स और पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध रहता है। इस बार भी कवि नगर रामलीला मैदान के हर चप्पे को कवर करने के लिए श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर द्वारा 200 से अधिक सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं, जो रामलीला मैदान के सभी प्रमुख द्वार, मंच से लेकर कार्यक्रम स्थल और प्रदर्शनी पार्क से लेकर गोल चक्कर तक के इलाके को कवर करेगा। वही सुरक्षा के लिहाज से यहां मेला पुलिस थाना स्थापित किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा पीएसी की एक प्लाटून सुरक्षा के लिहाज से शाम से रामलीला समाप्ति तक प्रतिदिन गश्त से लेकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगी।

# शिक्षाविद अतुल जैन हुए विधान परिषद दावेदारी की दौड़ में शामिल

> अतुल जैन ने कॉलेजों में पहुंच कर शिक्षकों को किये मतदाता फार्म वितरित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटी है और भाजपा अपनी तैयारियों से क्या कर सकती है इसका बहुत मजबूत उदाहरण पिछला एमएलसी चुनाव है। जब भाजपा ने कोरोना काल में भी लगातार वोट बनवाए थे। भाजपा ने यहां अपने इस नये वोट से एमएलसी चुनाव के पुराने धुरंधरों को ऐसी चोट दी कि वो उबर नहीं पाए। पुराने धुरंधर अपने वोटों के समीकरण को लेकर बैठे रहे और भाजपा नए वोट की बाढ़ लेकर आ गई थी। भाजपा ने शिक्षक एमएलसी चुनाव भी जीता और भाजपा ने स्नातक एमएलसी चुनाव भी जीता।

एक बार फिर भाजपा अपनी एमएलसी चुनाव की तैयारियों में है। उसने मेरठ वाली बैठक में ये स्पष्ट कर दिया कि उम्मीदवारी का चेहरा कोई खुद को ना मानें, लेकिन दावेदारी सब कर सकते हैं। शर्त ये है कि सभी लोग चुनाव की तैयारियों में जुटे। भाजपा चुनाव की तैयारियों में है और एमएलसी चुनाव के लिये दावेदार भी अब सामने आने लगे हैं। इस कड़ी में लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष और शिक्षाविद अतुल जैन आगे आए हैं। अतुल जैन का नाम दावेदारों में चल रहा है और अब वो बाकायदा विधान परिषद सदस्य की दावेदारी वाली रेस का एक मजबूत फेस होकर सामने आ गए। वो कॉलेजों में पहुंचे और उन्होंने शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिये शिक्षकों को मतदाता फार्म वितरित किये।







अतुल जैन लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं, वो शिक्षाविद हैं, कॉलेज के मालिक हैं और सामाजिक गतिविधियों में उनकी मजबूत भागीदारी रहती है। व्यक्तित्व की बात करें तो अतुल जैन एक ऐसा चेहरा हैं जो सौम्य व्यवहार रखते हैं। पूरी तरह एक्टिव रहते हैं और समाजसेवा के कामों में उनका योगदान रहता है। जनता के बीच रहते हैं। अतुल जैन ने जब कॉलेजों में जाकर शिक्षकों के बीच मतदाता फार्म वितरित किये तो यहां से ये संदेश निकला कि गाजियाबाद में एमएलसी चुनाव से पहले दावेदार ने एक तरह से अपना प्रचार शुरू किया है। हालांकि अतुल जैन ने यहां खुद को एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया और उन्होंने वोट बनवाने के काम की शुरूआत खुद से की है। वो कॉलेजों में पहुंचे हैं, शिक्षकों को जागरूक कर रहे हैं और अभी से चुनाव तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने कॉलेजों में पहुंचकर शिक्षकों को एमएलसी शिक्षक चुनाव के प्रति जागरूक भी किया।

गौरतलब है कि यहां से चुनावी समीकरण भी बदलेगा। मौजूदा समय में गाजियाबाद से दिनेश गोयल एमएलसी हैं और वो स्नातक कोटे से एमएलसी हैं और अतुल जैन ने शिक्षक कोटे से दावेदारी की है। लिहाजा यहां दावेदारी जैसे-जैसे परवान चढ़ेगी, वैसे-वैसे मामला रोचक हो जाएगा। क्यों पार्टी एक जिले में दो को उम्मीदवार नहीं बनाएगी। फिलहाल सबकुछ भविष्य के गर्भ में है। पार्टी किसे उम्मीदवार बनाएगी, पार्टी कौन सा समीकरण लाएगी, लेकिन दावेदारी की रेस में अतुल जैन सबसे पहला फेस होकर सामने आए हैं।

# थाना प्रभारियों की पोस्टिंग में अब ली जाएगी एडिशनल सीपी केशव चौधरी की राय



**सम्मान**

> केशव चौधरी को समिति में बनाया गया प्रमुख सदस्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना प्रभारी के अनुमोदन और उनकी राय शुमारी वाली समिति में एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय केशव चौधरी को शामिल किया गया है। उनकी राय लेने के साथ ही अबउनके साइन भी लेने होंगे। पुलिस कमिश्नर द्वारा उनको अब समिति व थानों के नए प्रभारी के नाम तय करने वाली टीम में प्रमुख हिस्सा दिया गया है। साथ ही ट्रांसफर पोस्टिंग में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी केशव चौधरी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी क्राइम एवं मुख्यालय की भूमिका संभाल रहे हैं। तो उनपर लगातार अधिकारियों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्हें प्रभारी वाली चयन समिति में स्थान दिया गया है, तो वहीं उनकी राय और मोहर अब आवश्यक बन गई है।

### लगातार जनसुनवाई कर पीड़ितों को दिखा रहे हैं मदद की डगर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी केशव चौधरी प्रतिदिन अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे हैं। वह सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर बाद तक कार्यालय में बैठते हैं। मुख्यालय के कार्य के अलावा वह अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार निरीक्षण और दिशा निर्देश देने का काम कर रहे हैं। तो वहीं जनसुनवाई भी उनके मुख्य कार्य की रूपरेखा में शामिल है। वह प्रतिदिन अलग-अलग थानाक्षेत्र से आने वाले फरियादियों को मदद की डगर दिखा रहे हैं। तो पुलिस के कर्मचारी और अधिकारियों को कार्रवाई एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सीधे निर्देशित भी कर रहे हैं।

### क्राइम ब्रांच की वर्किंग पर रख रहे हैं नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध नियंत्रण एक गंभीर विषय है। क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनपर भरोसा जताते हुए उन्हें एडिशनल सीपी क्राइम का भी दायित्व सौंपा गया है। जिसके बाद आईपीएस अधिकारी केशव चौधरी इन दिनों साइबर क्राइम थाने से लेकर क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम की वर्किंग पर निगरानी और नजर रखने का काम कर रहे हैं। साथ ही कई बड़े अभियान आने वाले दिनों में उनके दिशा-निर्देश पर शुरू होंगे, जो क्राइम कंट्रोल से लेकर गाजियाबाद की जनता को भी राहत प्रदान करने का काम करेंगे।

# अभिनेता उत्तर कुमार के बेटे का आरोप- पुलिस कस्टडी में पिता ने खाया जहर

## एसीपी बोले, ऑल इज वेल

**- पुलिस का दावा तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया**

**- सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : अभिनेत्री से यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार फिल्म डायरेक्टर उत्तर कुमार को लेकर सोमवार को नया विवाद खड़ा हो गया है। उनके बेटे प्रताप धामा ने आरोप लगाया है कि पुलिस कस्टडी में उनके पिता को जहर दिया गया। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी को हिरासत में लेने के बाद उसने तबीयत खराब होने की शिकायत की थी। इसके चलते उसे गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहर देने की बात पूरी तरह गलत है। सोशल मीडिया पर वीडियो से सफाई दी गई है। जिसमें गिरफ्तारी और अस्पताल में भर्ती से जुड़ी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। पुलिस ने कहा कि इन वीडियो के आधार पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। सही जानकारी केवल पुलिस की ओर से जारी की गई।



### अमरोहा से हुई गिरफ्तारी



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन का कहना है कि गाजियाबाद पुलिस की तीन टीमों ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। सोमवार सुबह करीब 4 :30 बजे अमरोहा स्थित उनके फार्महाउस से उत्तर कुमार को सोते वक्त गिरफ्तार किया गया है। उसके बाद से पुलिस उन पर नजर बनाए हुए है। वहीं मामले की पूरी जांच की जा रही है।

### शालीमार गार्डन थाने पर दर्ज है पूरा मामला

करंट क्राइम : यौन शोषण का यह मामला ट्रासं हिंडन के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अभिनेत्री ने आरोप लगाया था कि फिल्म में रोल दिलाने के बहाने फिल्म डायरेक्टर उत्तर कुमार ने उसका यौन शोषण किया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था जिसे सोमवार को दबोचा गया है।



### अभिनेत्री ने की थी सुसाइड की कोशिश

करंट क्राइम : गिरफ्तारी में देरी से नाराज होकर पीड़िता ने 6 सितंबर को नोएडा से लखनऊ पहुंचकर। यहां सीएम आवास के बाहर उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए बोतल छीन ली और उसकी जान बचाई। इस घटना के बाद पुलिस पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बढ़ गया था।

## संपादकीय

# संतुलन की उम्मीद

करीब हफ्तेभर की उथलपुथल के बाद नेपाल का फिर से शांति की ओर बढ़ना अच्छी खबर है। नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की बेदाग छवि और संतुलित नजरिये के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में वहां जल्द चुनाव होने और हालात के सामान्य होने की उम्मीद है।

बेदाग छवि सुशीला कार्की नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। उनके पास राजनीतिक अनुभव बेहद कम है। इसके बावजूद Gen-Z ने उनके नाम पर सहमति जताई, क्योंकि बाकी राजनेताओं से उसका भरोसा उठ चुका है। कार्की भ्रष्टाचार विरोधी सख्त रुख के लिए जानी जाती हैं और नेपाल की नई पीढ़ी को उनसे आस है कि वह करप्शन को खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगी।

चुनाव का ऐलान  सुशीला कार्की के लिए इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना आसान नहीं। उनके सामने ऐसा देश है, जिसकी व्यवस्था उखड़ चुकी है। उन्हें हालात को संभालने के साथ ही राजनीतिक स्थायित्व भी प्रदान करना है। अच्छी बात यह है कि अंतरिम सरकार के गठन के साथ ही अगले साल मार्च में चुनाव कराने का भी ऐलान कर दिया गया। नेपाल ने इस मामले में बांग्लादेश से सबक लिया।

ढाका में भी जन आंदोलन ने चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंका था। हालांकि एक साल से ज्यादा वक्त बाद भी तय नहीं हो सका है कि चुनाव कब होंगे। इससे वही अनिश्चितता और बेचैनी फिर पैदा हो रही है, जिससे उबरने के लिए जनता सड़कों पर उतरी थी।

भारत के हक में स्थायित्व  नेपाल का जल्द से जल्द सामान्य होना भारत के लिए भी अच्छा होगा। दोनों देश आपस में इस कदर जुड़े हैं कि काठमांडू की कोई भी हलचल नई दिल्ली में महसूस हुए बिना नहीं रह सकती। फिर पड़ोस में स्थायित्व इसलिए भी जरूरी है, ताकि दूसरे तत्वों को फायदा उठाने का मौका न मिले। बांग्लादेश की अस्थिरता का उदाहरण सामने है, जहां पाकिस्तान अब भारत विरोधी नैरेटिव बनाने में लगा हुआ है। रिश्तों में बैलेंस भारत–नेपाल की सीमाएं ही नहीं जुड़तीं, दोनों की संस्कृति, रहन–सहन, खानपान भी बहुत हद तक साझा है। लेकिन, केपीएस ओली के दौर में दूरी साफ महसूस की जा सकती थी। वह नेपाल को धीरे–धीरे चीन की तरफ शिफ्ट कर रहे थे। यहां तक कि लिपुलेख का मुद्दा भी उन्होंने चीन के सामने उठाया। इससे नेपाल में ही वह वर्ग बहुत नाराज था, जो पेइचिंग को संशय की नजरों से देखता है। सुशीला कार्की से द्विपक्षीय रिश्तों में ज्यादा बैलेंस की उम्मीद है। मणिपुर से पीएम नरेंद्र मोदी का नेपाल को संदेश देना इस रिश्ते की अहमियत बताता है।

# नोएडा के एमएसएमई उद्योग को मिल रही वैश्विक पहचान आईटी और विनिर्माण क्षेत्र में अपार अवसर

**नई दिल्ली।** वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत हर जिले के खास उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की भूमिका बेहद अहम है। यह क्षेत्र न केवल रोजगार सृजन में योगदान देता है, बल्कि नवाचार और स्थानीय-क्षेत्रीय विकास को भी मजबूती प्रदान करता है। देशभर में एमएसएमई के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, फाइनेंस तक आसान पहुंच, सप्लाई चेन का आधुनिकीकरण, निर्यात क्षमता, कौशल विकास और नीति सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से विचार-विमर्श के लिए अमर उजाला एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है।




**कॉन्क्लेव का उद्देश्य** :कॉन्क्लेव का उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर के लिए भविष्य की रणनीतियों पर विचार–विमर्श करना है। इसमें फंडिंग के नए विकल्प, मार्केटिंग और ब्रांडिंग की नवीन तकनीकें, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर जोर दिया जाएगा। साथ ही महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, एमएसएमई का वैश्विक विस्तार करने और ह्रवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्न (ओडीओपी) योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उपायों पर भी चर्चा होगी।

नोएडा में टरटए फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन 16 सितम्बर को दोपहर 11 से 2 बजे तक होगा। इसका अयोजन स्थल मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सेक्टर-11 है। इस कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार और विकास के क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग शिरकत करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मंच एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने में मदद करेंगे और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करेंगे। नोएडा के एमएसएमई उद्योग के लिए यह अवसर न केवल नई तकनीकों और वित्तीय विकल्पों को समझने का है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी एक अहम कदम है। इस कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार और विकास क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जो एमएसएमई क्षेत्र के विकास और नवाचार को नई दिशा देने के लिए अनुभव और सुझाव साझा करेंगे।

नोएडा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और विनिर्माण उद्योग

नोएडा का एमएसएमई सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है, खासकर आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपेयरल एक्सपोर्ट में। क्षेत्र में कई छोटे और मझोले उद्यम ने उत्पादन, नवाचार और रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स, और एप्पेयर एक्सपोर्ट प्रमुख उद्योग हैं। यह क्षेत्र नोएडा अथॉरिटी, रऐ और इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर जैसी सरकारी संस्थाओं और आधारभूत संरचना से समर्थित है। टरटए क्षेत्र में एचसीएल, मदरसन सुमी, एनआईआईटी टेक, नोएडा अपेरल सेंटर जैसे फर्म काम कर रहे हैं। ये कंपनियां प्रमुख रूप से आईटी, बीपीएम, इलेक्ट्रॉनिक्स और वस्त्रों के निर्यात से जुड़े क्षेत्रों में काम कर रही हैं।

इलेक्टॉनिक्स उद्योग की चुनौतियां

नोएडा स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत, लॉजिस्टिक और परिवहन में भीड़भाड़, और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा उद्योग के लिए गंभीर समस्याएं बन गई हैं।

# अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़ा आयात 10% घटकर 61.59 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली।** अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया है। वहीं देश का आयात 10.2 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर हो गया। सरकार ने इससे जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं, अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया है। वहीं देश का आयात 10.2 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर हो गया। अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आयात 10.12 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर रह गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह बात कही गई।

पिछले वर्ष अगस्त में निर्यात 32.89 अरब अमेरिकी डॉलर का था और आयात 68.53 अरब अमेरिकी डॉलर का था। अगस्त 2025 के दौरान व्यापार घाटा 26.49 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 35.64 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

अप्रैल-अगस्त 2025-26 के दौरान निर्यात 184.13 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा, जबकि आयात 306.52 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापार नीति की अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यातकों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

# 'नियमों से नवाचारों को बढ़ावा मिलना चाहिए न कि उन्हें खत्म नहीं करना चाहिए' : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने 'विकसित भारत के लिए एआईः त्वरित आर्थिक विकास के अवसर' रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके जिम्मेदार प्रयोग को भी सुनिश्चित करना चाहती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियमों की आवश्यकता पर जोर दिया जो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को, खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मामले में, दबाने के बजाय, जिम्मेदार तरीके से उसे बढ़ावा दें।

वित्त मंत्री ने 'विकसित भारत के लिए एआईः त्वरित आर्थिक विकास के अवसर' रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके जिम्मेदार प्रयोग को भी सुनिश्चित करना चाहती है। नीति आयोग की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट को जारी करने के बाद सीतारमण ने कहा, हम ऐसा नियमन नहीं चाहते जो सचमुच प्रौद्योगिकी को ही खत्म कर दे। हम नियमन चाहते हैं क्योंकि हम तकनीक का जिम्मेदारी के साथ प्रयोग करना चाहते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा, एआई तेजी से प्रगति करने वाली, वास्तविक समय वाली, गतिशील चीज है, और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की भी अपनी चुनौतियां हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि चुनौती सिर्फ नौकरियों में ही नहीं है, बल्कि यह भी है कि इनका दुरुपयोग किस तरह किया जा सकता है। इससे समाज पर बुरा असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान हैं कि जहां एआई अनेक नई भूमिकाएं सृजित करेगा।

# हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 119 अंक टूटा, निफ्टी 25100 के नीचे

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंक गिरकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 44.80 अंक गिरकर 25,069.20 अंक पर आ गया।

इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंक या 0.15 प्रतिशत गिरकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.80 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे बढ़कर 88.20 (अनंतिम) पर बंद हुआ।




## रोचक तथ्यों का करंट

- टाइटन का नम वातावरण, शनि का चंद्रमा इंद्रधनुष के गठन के लिए आदर्श है।
- झरने के निकट और पृथ्वी के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इंद्रधनुष आम तौर पर अधिक देखा जाता है।
- कोहरे पर चमकते सूरज की रोशनी द्वारा उत्पादित इंद्रधनुष के समान एक घटना Fogbow कहलाती है।
- पृथ्वी सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है जहां इंद्रधनुष संभव है।
- फ्लीज उनकी ऊंचाई से 200 गुना तक अधिक कूद सकता है। यह मनुष्य की तुलना में न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को कूदने के समान है।
- रेनडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग–अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं। महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

टीचर– बेटा पप्पू– 'कबूतर' पर वाक्य बनाओ...
पप्पू– गुरु जी, दोपहर में दारू पी थी, शाम तक 'कब उतर' गई पता ही नहीं चला...
टीचर कोमा में है

---

पत्नी सुबह उठते ही चिल्लाने लगी – उठो जी, जल्दी नाश्ता बनाओ मुझे बाहर जाना है
पति– मैं आज ही तुमसे तलाक लूंगा अरे नहीं रहना मुझे तुम्हारे साथ एक पल भी जा रहा हूँ मैं वकील के पास
थोड़ी देर बाद पति चुपचाप आकर कपड़े धोने लगा....
पत्नी – क्या हुआ?
पति– कुछ नहीं, वकील साहब अभी कपड़े धो रहे हैं..

---

पत्नी पति रात को रजाई में सो रहे थे
अचानक कमरे में 'किट किट' की आवाज आने लगी
पत्नी – उठो देखो चूहा कपड़े कुतर रहा है
पति – अरे सारी रजाई तूने खींच ली इसलिए सर्दी में मेरे दांत किटकिटा रहे हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 16 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



मीना
अभिनेत्री



ओजस्वी शर्मा



कार्तिकेय नागर



साहिल एहमद



दीपक गोयल




विद्यांशु त्यागी



आदर्श शर्मा



मयंक शर्मा



भूप सिंह यादव



परमेन्द्र त्रिपाठी



राजू देवराज



आलोक शर्मा



तेज सिंह कसाना



लकी शर्मा



रेहान कुरैशी



रोबिन



मुकेश गुप्ता



सागर शर्मा



विकास रस्तोगी



कन्हैया गुप्ता



संदीप तिवारी



अनुभव शर्मा



टिल्लू धामा



वेदांशु त्यागी



राहुल शर्मा



मोनीस सलीम

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब

## कप्तान रजत पाटीदार ने 10 साल बाद टीम को बनाया चैंपियन



**नई दिल्ली।** रजत पाटीदार की कप्तानी वाली सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। रजत पाटीदार और उनकी टीम को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए मुकाबले के पांचवें दिन दो घंटे से भी कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। सेंट्रल जोन ने पहले दिन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और साउथ जोन को पहली पारी में महज 149 रनों पर ढेर कर दिया। सारांश जैन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जबकि यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने।

साउथ जोन को छह विकेट से हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट का चैंपियन बनने का गौरव सेंट्रल जोन ने हासिल किया। सेंट्रल जोन के सामने 65 रन का मामूनी लक्ष्य था लेकिन साउथ जोन के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में सेंट्रल जोन को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता।

बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए।

रविवार को भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद सेंट्रल जोन को लक्ष्य तक पहुंचाया। पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद रजत ने कहा कि, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

दूसरी तरफ साउथ जोन के कप्तान अजहरुद्दीन ने कहा कि दलीप ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचना उनके लिए लंबे घरेलू सत्र में प्रेरणा का काम करेगा, जो अब 15 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी चरण में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि, आगे घरेलू सत्र काफी लंबा है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमें यहां मिले अनुभव का फायदा मिलेगा।

# अमित शाह ने किया वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

## कहा-अहमदाबाद बनेगा देश की खेल राजधानी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में नंबर एक बनाना है। उन्होंने यह बात रविवार को गुजरात में अहमदाबाद के नारणपुरा में निर्मित वीर सावरकर खेल परिसर का उद्घाटन करते हुए कही। खेल परिसर को भारत का सबसे बड़ा और विश्व में सबसे उन्नत परिसर बताते हुए उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने तथा विश्व भर में पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा। 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में दुनिया में नंबर एक बनाना लक्ष्य है। अगर दुनिया में सबसे पहले कहीं खेल शुरू हुआ होगा तो वह भारत में ही हुआ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल योजना बनाई, बल्कि खिलाड़ियों को अच्छा प्रशिक्षण मिले और चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो, इसकी व्यवस्था भी की है। उन्होंने देश में खेलों में बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री को दिया।

वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि सावरकर जंजीरों में जकड़े हुए फ्रांस के पास एक बंदरगाह से समुद्र में कूद गए थे। अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ लिया और भारत ले आए। सावरकर एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें एक ही जीवन में दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उन्होंने कहा कि यहां खेलने आने वाले खिलाड़ी दुनिया भर में खेलने और पदक जीतने के लिए प्रेरित होंगे। परिसर में न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि प्रशिक्षकों के लिए भी आधुनिक बुनियादी ढांचा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां खिलाड़ियों का खेल स्लो मोशन में देखने की सुविधा भी उपलब्ध है। यह पूरी तरह से हरित खेल परिसर भारत सरकार और गुजरात सरकार द्वारा निर्मित है।

# संतोष यूनिवर्सिटी में सैन्कॉन 2025 का सफल आयोजन

## कार्यक्रम में कौशल और सिमुलेशन पर दिया गया जोर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 1 से 4 सितंबर, 2025 तक सैन्कॉन 2025 और राष्ट्रीय स्किल्स कॉन्क्लेव की मेजबानी की। चार दिवसीय इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कौशल, सिमुलेशन और समन्वय के माध्यम से भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बनाना था। कॉन्क्लेव में चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और अन्य संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञानों से जुड़े 1,500 से अधिक छात्र और पेशेवर शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव का आयोजन प्रमुख नॉलेज पार्टनर्स जैसे जीव रक्षा, एथिकॉन और एछरएश्कएफ के सहयोग से किया गया। इस दौरान 100 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया, जबकि 80 से अधिक स्किल स्टेशनों पर सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। डॉ. पी. महालिंगम वार्षिक व्याख्यानः इस विशेष व्याख्यान को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर की कुलपति डॉ. आचल गुलाटी ने प्रस्तुत किया। प्रि-कॉन्फ्रेंस 'सिमवार': आयोजन की शुरूआत स्नातकोत्तर छात्रों के लिए विशेष रूप से आयोजित 'सिमवार' से हुई।

विभिन्न सत्र और प्रस्तुतियांः कॉन्क्लेव में एकीकृत स्किल सत्र, शैक्षणिक संवाद, शोध-पत्र, पोस्टर प्रस्तुतिकरण, और नवाचारों पर चर्चा की गई। छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शनः पोस्ट-लंच सत्रों में क्विज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो विशेष रूप से सराहा गया। आयोजन की सफलता में चांसलर डॉ. वाई.एम. जयराज, प्रो-चांसलर डॉ. मनोज गोयल और कुलपति डॉ. वी.एन. महालक्ष्मी का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। आयोजन समिति का नेतृत्व डीन (मेडिकल) डॉ. अलका अग्रवाल ने किया। समापन समारोह में डॉ. अलका अग्रवाल और डॉ. महालक्ष्मी ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद किया। आयोजन टीम ने इस कॉन्क्लेव को केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि अभ्यास में उत्कृष्टता और देखभाल में संवेदनशीलता की दिशा में एक आंदोलन बताया।

# ग्रामीण भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कृषि विज्ञान केंद्र मुरादनगर में फसल अवशेष प्रबंधन पर गोष्ठी आयोजित हुई, जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप प्रज्वलन से किया।

श्री शाही ने कहा कि किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि सीधे किसानों के खाते में पहुंच रही है और गन्ना मूल्य भुगतान समय पर किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग अपनाकर आय बढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों को वर्मी कंपोस्ट और तोरिया के मिनीकिट भी वितरित किए। डॉ. पी.के. कुंडू ने फसल अवशेष जलाने से होने वाली हानियां और न जलाने के लाभ बताए। उप कृषि निदेशक गाजियाबाद ने सरसों एवं दलहन के मिनीकिट तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

पूर्व कृषि निदेशक ने ह्वविकसित उत्तर प्रदेश 2047ह्व की संकल्पना रखी जबकि निदेशक प्रसार ने कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसंधान कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भोजपुर मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक ललित त्यागी, कापस एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की निदेशक नीलम त्यागी और मुरादनगर फुट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक जयवीर ने भी अपने विचार रखे।

गोष्ठी में पूर्व कृषि निदेशक डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार, उप कृषि निदेशक गाजियाबाद, डॉ. पी.के. कुंडू, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि सहित लगभग 300 किसान मौजूद रहे।

# इंदरगढी में कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक, बूथ और सेक्टर कमिटियों की हुई समीक्षा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की देखरेख में पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है। गाजियाबाद में सभी विधानसभा क्षेत्रों में अभियान को सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस का परचम गाजियाबाद जिले में फहराएगा। अभी तक संगठन सृजन अभियान के तहत हजारों लोग पार्टी के साथ जुड चुके है। इंदरगढी में आयोजित बैठक में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन की समीक्षा की गई। उन्होंने बूथ और सेक्टर कमेटियों के प्रभारियों को फर्जी वोट हटवाने और नए लोगों के वोट बनवाने की अपील की। इस मौके पर मास्टर प्रेमसिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त अधना जिला सचिव इरफान नेताजी, डासना के उपाध्यक्ष आबिद अली, श्याम पोरवाल, मनवीर यादव, आदि उपस्थित थे।

# फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम की हार, चीन ने 4-1 से हराकर जीता खिताब



**नई दिल्ली।** विमेंस हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम का सामना चीन से हुआ। जहां फाइनल मुकाबले में चीन ने एकतरफा अंदाज में भारत को 4-1 से हराते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं भारत की शुरूआत शानदार रही लेकिन बाद में चीन पूरी तरह से हावी नजर आई। इस जीत के साथ ही चीन ने हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया।

भारत ने इस मैच में बेहतरीन शुरूत की। पहले क्वार्टर की शुरूआत के कुछ देर बाद ही चीन के खिलाफ गोल क दिया। भारत के लिए पहला गोल इस मैच में नवनीत ने दागा। हालांकि, इसके बाद पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो पाया। मैच के दूसरे क्वार्टर की शुरूआत भारत ने बढ़त के साथ की, लेकिन फिर 21वें मिनट में चीन की कप्तान जिजिया ने भारत के खिलाफ गोल करते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे क्वार्टर यानी हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थी।

मैच के तीसरे क्वार्टर की शुरूआत तो एक-एक की बराबरी के साथ हुई लेकिन इसके समाप्त होने तक चीन की तरफ से ली होंग ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर दिया। तीसरे क्वार्टर के समाप्त होने के बाद चीन ने मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथे क्वार्टर में चीन के लिए जू मीरांग ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया और टीम को 3-1 के बढ़त दिला दी। फिर चीन की फेन यूजिया ने चौथा गोल करके स्कोर को 4-1 कर दिया।

# सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता डीकोसा के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दीवान पब्लिक स्कूल, मेरठ के आर्यन मौर्य, समर्थ अग्रवाल और कार्तिक गुप्ता ने टीम वर्ग में गोल्ड मेडल जीते। इन खिलाड़ियों ने अंडर-17 एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और पदक जीते। जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा ने इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया और विद्यालय के छात्रों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीता भंडुला ने छात्रों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनकी मेहनत की सराहना की।

# भारत से मुंह की खाने के बाद बौखलाया पाकिस्तान, अपने ही अधिकारी पर गिरा दी गाज!




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के बहिष्कार से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने ही अधिकारी पर गाज गिरा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला गया था। इस मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की टीम से हाथ नहीं मिलाए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव छक्के से टीम को जीत दिलाकर पवेलियन की तरफ लौट आए थे, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी मैदान पर ही मौजूद थे।

### मोहसिन नकवी ने जताई नाराजगी

इससे पहले सोमवार को पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भी भारत के बहिष्कार पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इसे 'खेल भावना की कमी' बताया और कहा कि भारत ने खेल में राजनीति को घसीटा है। नकवी ने लिखा, 'भारत-पाकिस्तान मैच के बाद खेल भावना की घोर कमी देखने को मिली। राजनीति को खेल में लाना खेल की आत्मा के खिलाफ है। उम्मीद है भविष्य में जीत सभी टीमें गरिमा के साथ मनाएंगी।'

### पीसीबी ने की औपचारिक शिकायत

मैच के बाद पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि उन्होंने भारतीय टीम के व्यवहार के खिलाफ एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई है। पीसीबी के आधिकारिक प्रेस रिलीज में कहा गया है, 'टीम मैनेजर नावेद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा हाथ न मिलाने के व्यवहार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसे खेल भावना के खिलाफ और असंवैधानिक माना गया। इसी के विरोध में हमने अपने कप्तान (सलमान आगा) को पोस्ट-मैच सेरेमनी में नहीं भेजा।'

### अपने ही अधिकारी को किया निलंबित

दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। इस तरह अपने देश का बहिष्कार होने से बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पीसीबी ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान के 'ए स्पोर्ट्स' ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि, वाहला को मैच रेफरी के आचरण और भारत की कार्रवाई पर औपचारिक प्रतिक्रिया देने में देरी के कारण पद से हटाया गया है।

### यूएई के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी पाकिस्तान की टीम?

इसके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आचार संहिता की देखरेख करने वाले रेफरी पर ही गंभीर आरोप लगाए और उन्हें टूनार्मेंट से हटाने की मांग की है। पीसीबी ने सोमवार को मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट पर भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उन्हें टूनार्मेंट से तुरंत हटाने की मांग की है। क्रिकबज के रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी ने धमकी दी है कि अगर एंडी पायक्रॉफ्ट को हटाने की उनकी मांग नहीं मानी गई, तो 17 सितंबर को यूएई के खिलाफ होने वाले अपने अगले मैच का उनकी टीम बहिष्कार कर सकती है।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर गांगुली का टिप्पणी से इनकार

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज गांगुली का कहना है कि ना सिर्फ भारत और पाकिस्तान, बल्कि दुनिया में हर जगह से आतंकवाद खत्म होना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। भारत ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से धूल चटाई।

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सि.जज सी.डि. गाजियाबाद**
वार्ड संख्या 253/2022 (1) विपक्षी संख्या 3 कुंतेश पुत्री डालू उर्फ डालचंद पत्नी अशोक कुमार निवासी ग्राम मंडोला तहसील लोनी जिला गाजियाबाद (2) विपक्षी संख्या 6 सीमा पत्नी स्वर्गीय संजय निवासी ग्राम मंडोला तहसील लोनी जिला गाजियाबाद प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उत्तवाद में वास्ते सुनवाई / जवाब हेतु दिनांक 09.10.2025 नियत की गई है। आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में समय 10 :00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा उत्तवाद एक पक्षीय रूप से अग्रसारित कर दिया जाएगा।

आज्ञा से
सिविल जज सीनियर डिवीजन,
गाजियाबाद

# 'सिर्फ एक दिवस नहीं, सब दिन हिंदी के हों'

## हिंदी भवन समिति ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया सम्मानित, कवि सम्मेलन में गूंजा काव्य और तालियों का समुंदर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदी भवन समिति का सभागार सोमवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का साक्षी बना। यह अवसर केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि हिंदी भाषा के सम्मान और काव्य रस के संगम का जीवंत महोत्सव साबित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ इस संकल्प के साथ हुआ कि 'हिंदी केवल एक दिवस की भाषा नहीं, बल्कि हर दिन की पहचान बने।' समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री सुभाष गर्ग और अन्य अतिथियों ने हिंदी में श्रेष्ठ अंक लाने वाले 60 विद्यार्थियों और 7 शिक्षकों को प्रमाण पत्र, स्मृति-चिह्न और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। मंच पर सम्मान प्राप्त करते विद्यार्थियों और शिक्षकों के चेहरे गर्व और उत्साह से दमक उठे।

मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. विनय विश्वास (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने कहा कि हिंदी के उत्थान के लिए अब औपचारिकता से आगे बढ़कर दिल से प्रयास करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि हिंदी को राजनीति से जोड़ना गलत है, इसे राष्ट्र की आत्मा के रूप में देखा जाना चाहिए। विशेष अतिथि डॉ. सर्वेश अस्थाना ने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले शिक्षक और विद्यार्थी वास्तव में सम्मान के पात्र हैं।

### उपस्थिति ने बढ़ाई शोभा

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर अतिथि पृथ्वी सिंह कसाना, दीपक भाटी, अशोक ओझा, हिमांशु लव, अतुल जैन, विष्णु सक्सेना, शक्ति सिंह तथा सभी सम्मानित कवि-प्रेमी उपस्थित रहे।

## कवि सम्मेलन बना आकर्षण का केंद्र

### इसके बाद शुरू हुए कवि सम्मेलन ने समारोह को एक नया रंग दिया

- डॉ.प्रवीण शुक्ल की पंक्तियाँ 'खरे करता है सारे काम, कुछ खोटा नहीं करता' पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।
- डॉ. सर्वेश अस्थाना ने परिवार के महत्व को जब शब्द दिए 'रिश्तों में तकरार बहुत है, लेकिन इनमें प्यार बहुत है' - तो श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई।
- राज कौशिक की शायरी 'जरूरी ये नहीं जो है, सब अपना ही वो हो जाए' ने दिलों को छू लिया।
- डॉ. रुचि चतुर्वेदी की पंक्तियाँ 'हर निराशा किनारे धरो, और विश्वास खुद में भरो' पर हॉल लंबे समय तक तालियों से गूंजता रहा।
- डॉ. भगवान मकरन्द की रचना 'जिसको हिन्दी से नहीं प्यार, वो कैसा हिन्दुस्तानी है?' सुनकर पूरा सभागार 'भारत माता की जय' के नारों से भर गया।
- कवयित्री अंजू जैन का गीत 'तुम कहो तो भेज दूं मैं हिचकियां भी डाक से' ने समारोह में स्नेह और भावुकता की मिठास घोल दी।
- कार्यक्रम का संयोजन राज कौशिक ने और कवि सम्मेलन का संचालन डॉ. प्रवीण शुक्ल ने किया।




### ये है पुराना शहर लगती है यहां भगवान को नजर

रामलीलाओं का दौर शुरू हो गया और अब दशहरे तक माहौल पूरी तरह राममय रहेगा। परम्पराओं की सबसे बड़ी झंडाबरदार रामलीला कमेटी सुल्लामल पुराने शहर की एक पहचान है। यहां जो कलाकार भगवान का स्वरूप धारण करते हैं उन्हें नजर लग जाती है। नजर रखने वालों ने बताया कि पूर्व में ऐसे कई किस्से हो चुके हैं। बताते हैं एक बार भरत को नजर लगी थी तो उनका घोड़ा उन्हें गिराकर बाजार के पार हो गया था। रामलीला के पुराने खलीफाओं ने बताया कि स्वरूपों को नजर ना लगे इसके लिए उनके हाथ में बाकायदा नींबू मिर्ची थमा दी जाती है और जब ये स्वरूप शहर के बाजारों से यात्रा पूरी करते हुए मैदान में पहुचंते हैं तो नींबू-मिर्ची पैर से तुड़वाई जाती थी। अब थियेटर वाले आ गये हैं लेकिन कमेटी वालों का कहना है कि नजर का खतरा रहता ही है और परम्परा का पालन होगा। ये भी एक शहर हैं जहां भगवान के स्वरूपों पर भी नजर का कहर है और ये भी एक केयर है जब नजर पर भी नजर रखी जा रही है।

### हमारी है पूरी सिम्पैथी वो करा रहे हैं अपनी फिजीयोथेरेपी

रामलीला शुरू हो गई और सब एक जुट होकर राम के काम में लग गये। स्वास्थ्य की बात चली है तो खबर अंदरवालों के जरिए ये आई है कि हमारी पूरी सिम्पैथी उनके साथ है और जिनके बारे में बताया था उनके सामने ही स्पष्ट हुआ कि वो लगभग 20 दिन से अपनी फिजीयोथेरेपी करा रहे है। किसी तरह प्रधान जी के पैर में चोट लगी थी और हार्ट वाली दवाई भी चल रही है। लेकिन आपसी सौहार्द की ये बात है कि अब मिलजुलकर सबने काम संभाल लिया है। कैश वालों ने इन फ्रंट ऑफ प्रधान एंड महामंत्री कहा कि हम सब आपस में भाई-भाई हैं और कभी कहीं कोई विवाद नहीं है। हमारी पूरी सिम्पैथी आपस में एक दूसरे के साथ है और हम सब सुख-दुख में एक साथ खड़े हैं।

### हम कार खड़ी कराने की लेते हैं फीस और देते हैं रसीद

रामलीला का हिसाब जिन्होंने आरटीआई लगाकर मांगा था। वो रामलीला के गोल्डन जुबली मैम्बर हैं। आधी सदी हो गई उन्हें इस रामलीला से जुड़े हुए और वो आर्य समाज के भी फाउंडर मैम्बर हैं। जिस जमीन को लेकर जिला पंचायत वाला पर्चा बाहर निकलता है। उस जमीन को लेकर आर्य जी ने पूरा खर्चा बताया। उन्होंने कहा कि ये जमीन हमें बाकायदा कागजात के साथ 99 साल की लीज पर मिली है। यहां पर कार खड़ी कराने को लेकर उन्होंने सीन स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि ये हमारी जमीन है और हमारी जिम्मेदारी है। कार खड़ी करने को लेकर किसी प्रकार की कोई ढग्गेमारी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिल्कुल सही बात है कि हम यहां कार खडी कराते हैं और कार खड़ी कराने के एवज में फीज भी लेते हैं और जो फीस लेते हैं उसकी रसीद भी देते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग इस बात का चर्चा कर रहे हैं। उन्हें बता दें कि स्कूल का खर्चा इसी मद से निकलता है।




## रडार पर आने वाले हैं नदियापार के कोतवाल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चंद्र ग्रहण के बाद से मानो जैसे कमिश्नरेट के हाल और हालात पर किसी की नजर लग गई है। पुलिसकर्मियों की जहां सड़क हादसों में एक के बाद एक जान जा रही है। तो वही जिस तरीके से एक जोन में ट्रांसफर पोस्टिंग वाला बम फटा है, तो उसकी चर्चा लखनऊ और कई कमिश्नरेट व जिलों में जमकर गूंज रही है। इन सबके बीच अभी यह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि पुलिस कर्मी की पत्नी ही लूट का शिकार बना जाती है। तो वहीं फिल्म कलाकार के रहस्य में ढंग से अस्पताल में पहुंचने का मामला भी पुलिस की वर्किंग पर सवाल खड़ा कर रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि बीते शुक्रवार को जो मामला बिगड़ा था, उसको सेट करने के लिए थोड़ा प्लान किया गया लेकिन जब तक साहब कमिश्नरेट वाली धरती पर आएं, यहां समस्याओं का अंबार लग चुका था। एक के बाद एक मामले फैल रहे हैं। तो जिस तरीके से नदिया पार वाले इलाके के थाना प्रभारी की मनमानी के कारनामे एक के बाद एक सामने आ रहे हैं, उसके बाद कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नदिया पार के कोतवाल रडार पर आने वाले हैं। इसमें तीन कोतवाल निशाने पर आ सकते हैं। चर्चा है कि इसमें दो पुराने और एक नए बताय जा रहे हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किए गए थे, वह आदेश का अब तक पालन करने का वेट करते रहे। शाम पांच बजे सोमवार तक थाने और अपने इलाके में जम रहें है। सूत्र बता रहे हैं कि उनके द्वारा वह सब प्रयास किया जा रहे थे ताकि उनको लाइन ना जाना पड़े। उधर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रांस हिंडन के लेकर बवाल वाला सीन चल रहा है, उसको देखकर कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट में एक ओबीसी कप्तान के समय में पुलिस जितना खुल के खेल रही थी, वर्तमान समय के हालात और हाल भी ऐसे ही चल रहे हैं। साहब की अच्छाई, मधुर स्वभाव और पुलिस कर्मियों को बेवजह परेशान न करने की आदत का इन दिनों कमिश्नरेट वाले कुछ चेहरे जमकर बेजा इस्तेमाल भी कर रहे हैं, ऐसी चर्चा पुलिस के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों और कार्यालय में इन दिनों जमकर गूंज रही है। अब देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर क्या एक्शन और किसके खिलाफ कार्रवाई का प्लान बनाते हैं।




## लिफ्ट अटकने की एक और घटना, मधुबन बापूधाम की सोसाइटी की अटकी लिफ्ट में फंसे दो बच्चे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लिफ्ट खराब होने पर लोगों के फंसने का एक और मामला सामने आया है। मधुबन बापूधाम की गोल्डन बैरी सोसायटी की लिफ्ट चलते-चलते अटक गई। लिफ्ट में दो बच्चे फंस गए। लगभग 20 मिनट तक फंसे रहने के बाद उन्हें निकाला गया। घटना शनिवार रात की है। मधुबन बापूधाम की गोल्डन बैरी स्थित जीएच-3 एवं जीएच-4 में एक लिफ्ट चलते चलते अटक गई। इस में दो बच्चे करीब 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे। गोल्डन बैरी सोसायटी के निवासी इंदरजीत ने कहा कि यहां अक्सर लिफ्ट खराब होने की घटनाएं होती रहती है। इसके लिए सोसायटी का मैनेजमेंट जिम्मेदार है।

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के तेवर आए काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ग्रामीण जोन में तैनात पुलिस चौकी प्रभारियों व दरोगाओ पर आखिरकार गाज गिर गई। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर के सख्त तेवर और शिकायतों के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बड़ा निर्णय लेते हुए कई चौकी प्रभारियों व सब-इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह आदेश पुलिस उपायुक्त ग्रामीण द्वारा जारी किए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार मोदीनगर चौकी प्रभारी को भी एक फर्जी मामले में फंसने के बाद लाइन हाजिर कर दिया गया है। यही वहीं, ट्रोनिका सिटी, मसूरी, लोनी और भोजपुर समेत कई थानाक्षेत्रों के पुलिस सब इंस्पेक्टर भी इस कार्रवाई की चपेट में आए हैं।

### ग्रामीण जोन में फेरबदल, कई चौकी प्रभारी और एसआई लाइन हाजिर

#### कहां से कहां स्थानांतरण / लाइन हाजिर



**करंट क्राइम :** डीसीपी के आदेश के बाद उ0नि0 जितेन्द्र दत्त वाचक, कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त, मोदीनगर पुलिस लाइन, उ0नि0 अनिल कुमार थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस लाइन, उ0नि0 लोकेन्द्र सिंह थाना लोनी से पुलिस लाइन, उ0नि0 अनुज कुमार चौकी प्रभारी पुस्ता, थाना ट्रोनिका सिटी से पुलिस लाइन, उ0नि0 सुनील कुमार चौकी प्रभारी गोविन्दपुरी, थाना मोदीनगर से पुलिस लाइन, उ0नि0 अनीश गौतम थाना मसूरी से पुलिस लाइन, उ0नि0 अमित शर्मा थाना निवाड़ी से थाना मुरादनगर, उ0नि0 इन्तसार अली थाना भोजपुर से थाना मुरादनगर, म0उ0नि0 रविता थाना लोनी बॉर्डर से थाना भोजपुर, हेड कांसटेबल शाहिद खां वाचक, कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त, मोदीनगर से ,परमिता थाना भोजपुर से पुलिस लाइन पुलिस लाइन भेजे गए हैं।

#### लोनी विधायक नंदकिशोर ने ट्रांसफर पोस्टिंग पर लगाए थे गंभीर आरोप

**करंट क्राइम :** लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में हो रही ट्रांसफर पोस्टिंग की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। विधायक ने आरोप लगाया कि जिले में चौकी इंचार्ज से लेकर थाने स्तर तक पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और कई तबादले दबाव व मनमर्जी के आधार पर किए जा रहे हैं। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है, लेकिन अफसरशाही में राजनीतिक और बाहरी दबाव हावी दिख रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो इस मुद्दे को वह सरकार और पार्टी नेतृत्व के सामने भी उठाएंगे। बताया जा रहा है कि हाल ही में ग्रामीण जोन में कई चौकी प्रभारियों और सब-इंस्पेक्टरों को अधिक तैनाती दी गई थी। जिसके बाद विधायक के तेवर और तीखे हो गए। स्थानीय राजनीति और पुलिस महकमे में इन आरोपों के बाद खलबली मच गई है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट और शासन इस मामले पर क्या रुख अपनाता है।

## राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान समारोह 2025 में 6 राज्यों के 101 शिक्षकों को मिला 'राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान'



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा आज महाराजा अग्रसेन कॉलेज, वसुंधरा एन्क्लेव में शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के 101 शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि आप ही एक सभ्य व शिक्षित समाज और देश के निमार्ता हैं। विशिष्ट अतिथि और एनआईओएस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन पिछले कई वर्षों से विद्यालयों की समस्याओं को हल करने का काम कर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष, डीडी





न्यूज के सीनियर एंकर व डायरेक्टर अशोक श्रीवास्तव और मुख्य वक्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संगीत राजी ने शिक्षकों के महत्व को परिभाषित करते हुए बताया कि वे समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षित कर एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक और राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और सभी से एकजुट होकर संस्थाओं के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शंभू दयाल डिग्री कॉलेज के एनसीसी के छात्रों ने अतिथियों की अगवानी की, जबकि ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बैंड के द्वारा उनका स्वागत किया। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कई प्रबंधक और प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस भव्य सम्मान समारोह में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

## तुलसी निकेतन री-डेवलपमेंट के लिए आरडब्ल्यूए ने जीडीए को सौंपा 10-सूत्रीय मांगपत्र



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव से तुलसी निकेतन के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और तुलसी निकेतन री-डेवलपमेंट के संबंध में एक 10-सूत्रीय मांगपत्र सौंपा है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने कॉलोनीवासियों की समस्याओं और विकास की जरूरतों पर प्रकाश डाला। इस बैठक में, जीडीए सचिव और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधिमंडल के बीच सभी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। सचिव ने निवासियों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और उनके हितों का ध्यान रखा जाएगा। आरडब्ल्यूए के अनुसार, जीडीए जल्द ही इन मांगों पर काम करना शुरू करेगा, जिससे तुलसी निकेतन क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। जीडीए और आरडब्ल्यूए दोनों ने मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है ताकि इस क्षेत्र को बेहतर बनाया जा सके। निवासियों को भी उम्मीद है कि इस पहल से उनके क्षेत्र में सुधार होगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने अपनी प्यारी सी नातिन नव्या के जन्मदिन पर उसे अपने आशीर्वाद और स्नेह से अभिभूत किया। गोपाल अग्रवाल ने अपनी नातिन नव्या के लिए ईश्वर से सर्व सुख की कामना की। गोपाल अग्रवाल ने खुशी के इस पल को फेसबुक पर साझा किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शाहपुर में अनाधिकृत कालोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा अवैध निर्माण/अनाधिकृत कालोनियों पर नियंत्रण के लिए दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन जोन 2 के प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम शाहपुर निज मोरटा में कालोनाइजर शिवांक व जितेंद्र के द्वारा खसरा संख्या 629 ,630, 631 व 632 की लगभग 26 हजार वर्ग मीटर भूमि पर चिहांकन के लिए मिटटी भरायी, ईंट से चिनाई का कार्य किया जा रहा था। स्थल पर प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते के द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया गया, उन्हें पुलिस के द्वारा डंडे फटकर भगा दिया गया। इस दौरान चेतावनी दी गई कि किसी तरह का अवैध निर्माण/अनाधिकृत कालोनी बर्दास्त नहीं की जाएगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन जोन 2 का समस्त स्टाफ एवं थाना पुलिस के साथ प्राधिकरण का पुलिस दस्ता भी उपस्थित रहा।

# गाज़ियाबाद के सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल को मिला राष्ट्रीय 'फ्यूचर-रेडी स्किल्स' अवार्ड






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, गाज़ियाबाद स्थित सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल को ऋक्कउक अफक्करए द्वारा 'फ्यूचर-रेडी स्किल्स में उत्कृष्टता' पुरस्कार से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान देशभर के 800 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में से चुने गए 18 संस्थानों को प्रदान किया गया है, जो छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने वाले कौशल सिखाने में अग्रणी हैं।

यह राष्ट्रीय पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल छात्रों को 21वीं सदी के लिए आवश्यक कौशल जैसे नवाचार, डिजिटल साक्षरता, समस्या-समाधान और नेतृत्व क्षमता के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्कूल के अध्यक्ष और संस्थापक, सुभाष जैन ने इस अवसर पर कहा, शिक्षा को दूरदर्शी होना चाहिए। सिल्वरलाइन में हम हमेशा से मानते रहे हैं कि युवाओं को ऐसा माहौल मिलना चाहिए जो उन्हें सोचने, नेतृत्व करने और निडरता से नवाचार करने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि यह सम्मान इस विश्वास को और मजबूत करता है कि 'फ्यूचर-रेडी एजुकेशन' अब कोई प्रवृत्ति नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।

स्कूल के उपाध्यक्ष नमन जैन ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य हमेशा छात्रों को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना रहा है। यह पुरस्कार हमारे इस प्रयास का प्रमाण है।

अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, प्रगतिशील शिक्षण पद्धति और भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हाइक एजुकेशन द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 12 सितंबर को प्रसिद्ध कंपनी हाइक एजुकेशन ने एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस ड्राइव में एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.सी.ए., और बी.टेक. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत हाइक एजुकेशन की एच.आर. सीनियर कैंपस स्पेशलिस्ट, सुश्री पूर्वी गुप्ता के स्वागत के साथ हुई, जो इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भी थीं। उन्होंने प्री-प्लेसमेंट टॉक के दौरान कंपनी प्रोफाइल और विभिन्न जॉब रोल्स के बारे में विस्तार से बताया, जिससे विद्यार्थियों को काफी मदद मिली। चयन प्रक्रिया कई चरणों में संपन्न हुई, जिसमें ग्रुप डिस्कशन, इम्प्रोम्प्टू राउंड और पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। इन प्रक्रियाओं के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया।

इस अवसर पर सुंदर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यूनिवर्सिटी के निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) बृजेन्द्र सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए हाइक एजुकेशन टीम का आभार व्यक्त किया।

# ग्रेटर नोएडा में 13वीं मंजिल से कूदने से मां-बेटी की मौत की घटना आत्महत्या निकली



**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** बिसरख थाना क्षेत्र की ऐस सिटी सोसाइटी में 13वीं मंजिल से गिरने से मां–बेटे की मौत के मामले में अब नया एंगल आ गया है। बेटा मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। इसी से परेशान होकर मां ने बेटे के साथ कूदकर सुसाइड कर ली।

पहले बताया गया कि बेटा बालकनी से गिर गया था, उसे बचाने के प्रयास में मां भी गिर गई लेकिन अब पुलिस को महिला के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसे पढने के बाद सभी के रौंगटे खडे हो गए। बच्चे के साथ जान देने वाली महिला की पहचान साक्षी चावला और उनके बेटे की पहचान दक्ष चावला के रूप में की गई है। महिला ने पति के लिए सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें लिखा था कि आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार न माना जाए। सुसाइड नोट में महिला ने पति को सॉरी लिखा है। साथ ही आगे लिखा है कि हम दोनों आपको और टेंशन नहीं देना चाहते हैं। इसलिए हम ये दुनिया छोड़कर जा रहे हैं। हमारी मौत का कोई जिम्मेदार नहीं है। इसकी लिए सिर्फ हम जिम्मेदार हैं। पुलिस के अनुसार मृतक महिला का पति गुरुग्राम में नौकरी करता है। जिस समय घटना हुई उसे समय अपने कमरे में था। वह करीब सुबह 9 :00 बजे उठा और उसने अपनी पत्नी से बेटी को दवा देने के लिए कहा और फिर वह कमरे में चला गया। इसी दौरान पत्नी ने बच्चों को दवा दी और उसके बाद उसने छलांग लगा दी।

# आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी के लिए कौन जिम्मेदारी है : विजय गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री व दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने आवारा कुत्तों के बधियाकरण को लेकर अभियान छेड दिया है। उनकी याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। पूर्व सांसद विजय गोयल अब कुत्तों को लेकर दिल्ली एनसीआर में जन जागरण अभियान चला रहे हैं। इसके तहत पिछले दिनों उन्होंने नोएडा में प्रेसवार्ता की थी। अब रविवार को पूर्व सांसद विजय गोयल ने लोनी रोड पर स्थित ऑक्सी होम सोसाइटी में स्थानीय लोगों के साथ एक सभा की। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों से पूरा एनसीआर परेशान है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इस सवाल का जवाब ढूंढना आवश्यक है। इस मसले पर दिल्ली के रामलीला मैदान से रैली निकाली जाएगी, जिसमें गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम के लोग शामिल होंगे। एनसीआर में कुत्तों की समस्या का समाधान आवश्यक है। आवारा कुत्तों से जब तक लोगों को राहत नहीं मिल जाएगी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुत्तों को लेकर डॉग लवर्स दोहरी नीति अपनाती है। विदेशों में सडकों पर कुत्ते नहीं दिखाई देते है। लेकिन भारत में पेटा जैसी अमेरिकी संस्था भारत में सड़कों पर आवारा कुत्तों की वकालत करती है। एंटी रेबीज का इंजेक्शन बनाने वाली विदेशी कंपनियां आवारा कुत्तों के संवर्धन व संरक्षण में लिप्त हों, इसकी जांच होनी चाहिए। फ्लैट आनर्स फेडरेशन गाजियाबाद के चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि फीमेल डाग वर्ष में दो बार पिल्ले देती है। एक बार में आठ से 10 पिल्ले देती है। बधियाकरण का काम एनजीओ से नहीं कराना चाहिए। वे केवल कागजों में बधियाकरण का काम कर रहे हैं।

# अंकुर विहार में पुलिस मुठभेड़, एक बदमाश गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम :** थाना अंकुर विहार पुलिस ने सोमवार को लालबाग कीकड़ मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम लालबाग कीकड़ मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी, तभी डाबर तालाब की ओर से एक स्कूटी पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान स्कूटी चला रहे बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर गया। घायल बदमाश की पहचान योगेश उर्फ काके, पुत्र सूरजपाल उर्फ सुरेश पाल, निवासी प्रेम नगर, करावल नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। वहीं, उसके दूसरे साथी की पहचान रोहन, पुत्र कृष्ण सिंह, निवासी देवी नगर, करावल नगर, दिल्ली के रूप में की गई है।

घायल बदमाश योगेश को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों से बरामद स्कूटी थाना वेव सिटी पर दर्ज मु0अ0सं0 277/25, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिलास्तरीय बैंकिंग समिति की बैठक में निर्देश—सरकारी योजनाओं का लाभ हर गरीब व असहाय तक पहुंचे

## 22 सितम्बर तक सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण कर लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति एवं बैंकिंग समीक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारना सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक गरीब, असहाय और बेरोजगार पात्र जन लाभान्वित हो सके।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक बुद्ध राम ने जून तिमाही 2025 तक की बैंकिंग उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवाईएसवाई), एक जनपद एक उत्पाद योजना (ओडीओपी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़े स्वयं सहायता समूह ऋण लिंकेज (एसएचजी-सीसीएल) और मुख्यमंत्री माटीकला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के प्राप्त व लंबित आवेदनों की क्रमवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है, उनके लाभार्थियों के खातों में 22 सितम्बर तक धनराशि का वितरण (डिस्बर्सिंग) पूरा कर दिया जाए।

**जिलाधिकारी का संदेश :** जनता सरकार बनाती है, सरकार जनता के लिए योजनाएँ बनाती है और हमारा दायित्व है कि इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाया जाए। हमें गरीब और असहाय लोगों के आवेदनों को सहानुभूति की दृष्टि से लेकर ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा से काम करना चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला समन्वयकों को जिले में साख-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) बढ़ाने, लंबित पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण और योजनाओं से जुड़े लक्ष्यों की पूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्र विज्यांश चौधरी ने जीता रजत पदक

## सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में प्राप्त की बड़ी उपलब्धि




**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** जेपी पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में 11 से 15 सितंबर तक आयोजित उइरए नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2025-26 में गाज़ियाबाद का नाम रोशन हुआ। विज्यांश चौधरी, पुत्र राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अजय प्रमुख, ने 10 मीटर एयर पिस्टल अंडर-14 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) अपने नाम किया।

परिवार और गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण : नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर गाज़ियाबाद में कक्षा 9 के छात्र विज्यांश चौधरी नियमित रूप से गाज़ियाबाद शूटिंग क्लब, कवि नगर में अभ्यास करते हैं। उनकी इस कामयाबी से न केवल विद्यालय और क्लब का मान बढ़ा है, बल्कि पूरा गाज़ियाबाद गर्व महसूस कर रहा है।

**पिता अजय प्रमुख का गौरव :** पुत्र की इस उपलब्धि पर अजय प्रमुख ने भावुक होते हुए कहा—यह पल मेरे लिए और पूरे परिवार के लिए गर्व का है। विज्यांश ने मेहनत और अनुशासन से यह सफलता पाई है। आशा है कि आने वाले वर्षों में वह और भी ऊँचाइयाँ छुएगा और देश का नाम रोशन करेगा।

विज्यांश की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि संकल्प और निरंतर अभ्यास से उम्र छोटी होकर भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। गाजियाबाद का यह युवा शूटर आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले व देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखता है।

# पार्षद राजकुमार नागर के प्रयास लाए रंग

## विवेकानंद नगर को मिलेगा सस्ता सामुदायिक केंद्र

## 85 लाख रुपये से होगा निर्माण कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विवेकानंद नगर में धन की कमी के कारण रुका हुआ सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य जल्द ही फिर से शुरू होने वाला है। पार्षद राजकुमार नागर की पहल पर, महापौर सुनीता दयाल ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए 85 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस सामुदायिक केंद्र के अभाव में, स्थानीय निवासियों को अपने मांगलिक और सामाजिक कार्यों के लिए महंगी दरों पर बाहरी स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब, यह नया सामुदायिक केंद्र लोगों को किफायती दरों पर उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। बजट स्वीकृत होने पर, पार्षद राजकुमार नागर ने महापौर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन और एडवोकेट प्रेमपाल भी मौजूद थे।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पहुंचे नोएडा

## गौशाला, जिम्स अस्पताल और प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, डीएम को दिए कई निर्देश




**नोएडा, करंट क्राइम।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को नोएडा में थे। उन्होंने सबसे पहले गौशाला का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने नोएडा के सेक्टर 141 स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ी शाहदरा का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने विद्यार्थियों से बातचीत की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सेक्टर-14 गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चारे को देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने गौशाला के संचालक से पूछा कि क्या ऐसा ही चारा खिलाते हो। इस दौरान सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, डीएम मेधा रूपम मौजूद रहे। ब्रजेश पाठक ने डीएम को निर्देश दिए कि गोशाला की व्यवस्थाएं तुरंत दुरुस्त की जाएं। उन्होंने कहा कि सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने जिम्स अस्पताल के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया और एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया।

# जन समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर आयुक्त ने इंदिरापुरम के आंतरिक वार्डों का किया स्थलीय निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की जनता से सीधे संवाद और मौके पर ही समस्याओं का समाधान कराने की अनोखी कार्यशैली अपनाते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक इंदिरापुरम के आंतरिक वार्डों में पहुँचे। यहाँ उन्होंने क्षेत्रीय पार्षदों और निवासियों के बीच जन चौपाल लगाई, समस्याएँ सुनीं और वहीं मौजूद अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने न केवल पार्कों और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया बल्कि लापरवाह फर्म पर सख़्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

### नगर आयुक्त ने क्षेत्रवासियों से की स्वच्छता की अपील



### जन चौपाल से सीधे आदेश

- वार्डों में जाकर जनता की शिकायतें सुनीं।
- अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई का निर्देश।
- वार्ड संख्या 100 शिप्रा सनसिटी स्थित कृष्ण वाटिका में इंटरलॉकिंग और फुटपाथ कार्य की मांग पर उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह को तुरंत आदेश जारी हुए।
- वार्ड 99 में पार्षद प्रीति जैन और निवासियों के साथ निरीक्षण करते हुए वैभव पार्क और गोल पार्क की सफाई व्यवस्था व मरम्मत पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश और उद्यान विभाग को 10 दिन की समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश मिले।

### पार्क व्यवस्था पर फोकस

- कृष्ण वाटिका, वैभव पार्क व गोल पार्क का निरीक्षण
- 10 दिन में हट निर्माण व मरम्मत कार्य के आदेश
- न्याय खंड-3 वार्ड संख्या 87 में दिन में जल रही स्ट्रीट लाइट की शिकायत पर नगर आयुक्त ने प्रकाश प्रभारी को मौके पर ही सुधार कार्य करने के आदेश दिए। वहीं, यहाँ की रिक्त भूमि को पार्क में बदलने का सुझाव आने पर उद्यान व संपत्ति विभाग को कार्यवाही करने को कहा गया।

### कार्यवाही के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश





### लाइट-सफाई पर सख़्ती

- न्याय खंड-3 में दिन में जल रही स्ट्रीट लाइट पर फटकार
- सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा
- सबसे सख़्त रवैया नगर आयुक्त ने तब अपनाया जब उन्होंने सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट और चौराहों की स्थिति देखी। अव्यवस्था और बदहाल सफाई देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और लिसा कंस्ट्रक्शन फर्म पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। लगातार लापरवाही मिलने पर टेंडर निरस्त करने तक की चेतावनी दी।

### लिसा कंस्ट्रक्शन पर गाज

- सेंट्रल वर्ज व ग्रीन बेल्ट की बदहाल स्थिति देख भड़के
- फर्म पर कार्रवाई व टेंडर निरस्त करने तक की चेतावनी
- निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निवासियों से सफाई और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर फीडबैक लिया और स्वास्थ्य विभाग को मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों की भी निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कल उठाया था आपने नदिया पार के भगवा कमिश्नर के आलोक में एक सवाल? कहा था वो एमएलसी वाले वोटर के फार्म देने में चार भगवा मैम्बरों का नहीं रख रहे ख्याल? कहने वाले ने कहा हमें पता नहीं इस सवाल को पढ़कर शर्मा जी पर कितना पड़ा है फर्क? मगर एमएलसी दिनेश गोयल ने इस सवाल पर दिया तुरंत रिएक्ट? भिजवा दिये चारों पार्षदों के पास वोटर लिस्ट के फार्म? ताकि उनके चुनाव पर ना पड़े कोई इफैक्ट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ चेहरे पहुंचे थे शमावाणी कार्यक्रम में अपनी वाणी में शिकायत लेकर विधायक जी के पास? कहा था कि हमारे क्षेत्र में नहीं हो रहा है विकास? तब विधायक जी ने दिया था उनको संदेश? कहा था आप को कोई समस्या हो तो सिस्टम ने निर्धारित किया है इसके लिए कोई और फेस? आप मिला सकते हो अपनी परेशानी को लेकर उनको फोन? सुना है इसमें से एक आदमी ने कहा कि मैंने किया था उनको फोन मिलाने का प्रयास? सामने से उन्होंने ये कहा तुमने मेरा नंबर बांट दिया है इतने सारे लोगों को? बताओ ये है कोई अच्छी बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा चोटी वाले त्यागी जी जब संगठन की दृष्टि से उतरते हैं मैदान पर? तो फिर उन्होंने दिखाई देता है संगठन का ही काम? हमने देखा इन्दिरा जी वाले एरिया में चल रहा था मंडल की मीटिंग का प्रोग्राम? इस मीटिंग में अपेक्षा के अनुसार नहीं हो रहे थे अपेक्षित चेहरों के दीदार? इस पर रख दिया चोटी वालों ने अपना विचार? कहा पार्टी के हर कार्यक्रम में हमें लगाना चाहिए हमें 100 प्रतिशत दम? कार्यक्रम को देखकर लग रहा है इसमें संख्या अपेक्षा के अनुसार बहुत है कम? कहने वाले ने कहा अगर मैरिट की बात हो तो इस चेहरे पर होना चाहिए विचार? बस किसी के नजदीक है, इस बात पर नहीं करना चाहिए इस तरह के एक्टिव चेहरों को बाहर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** बख्शी जी व्हाट्सऐप के ग्रुप पर कभी भगवा कमिश्नर के तौर पर थे एक्टिव? वहीं ग्रुप पर बनाते थे वो सारे प्लान? मगर सुना है जब से हुए हैं पूर्व? तबसे उनका दिल है कुछ बेचैन? उनकी बेचैनी की वजह मित्रता वाली है साहब? सुना है इस बेचैनी को दूर करने के लिए उन्होंने मित्र मंडल वाला ग्रुप तैयार कर लिया है साहब? फिलहाल ग्रुप में मिला है 34 लोगों को स्थान? पता चला है यहीं पर बन रहे हैं भावी राजनीति के सारे प्लान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिन्होंने लूटी थी एक समय पर किसी के नाम पर पूरी वाह-वाही? सुना है वो त्यागी जी उस कार्यक्रम में नजर नहीं आये? जिसमें आये कृषि मंत्री सूर्य प्रकाश शाही? कहने वाले ने कहा चलो यहां तक भी संभाल लेते बात? हम तो हैरान इस बात पर हैं कि सरकारी कार्यक्रम में क्यों नजर नहीं आये? सांसद से लेकर विधायक तक उनके साथ नहीं हुए महानगर अध्यक्ष के भी दीदार? कहने वाले ने कहा शाही जी पार्टी के कद्दावर नेता हैं? उनके आने पर इन चेहरों का नजर ना आना है हमारी समझ से बाहर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** शायद उन्होंने किसी बड़े जनप्रतिनिधि को अपने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नहीं बनाने का निकाल लिया है समाधान? हमने देखा उन्होंने अपने पिछले दो कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री को बनाया है मुख्य अतिथि? शायद तलाश लिया है उन्होंने ऐसा करके उन्होंने समस्या का समाधान? एक तीर से किये हैं उन्होंने दो-दो काज? कार्यक्रम में अतिथि की टेंशन भी खत्म? दूसरा जिनको संदेश देना था वो संदेश भी दे दिया साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने संजय नगर रामलीला में चल रही महाभारत का कब होगा ऐंड? मगर हमें पता चला है कि युवा क्रान्तिकारी त्यागी का जाग गया है ऐंग्री यंग मैन? ये युवा नेता अपने बड़े दिल वाले विधायक को लेकर कुछ ज्यादा ही सेंसेटिव आ रहा है नजर? ये दे रहा है संदेश कि जब हमारे विधायक किसी दूसरी विधानसभा में दखल नहीं देते तो दूसरी विधानसभा वाले क्यों दखल दे रहे हैं हमारे इधर? सुना है युवा क्रान्तिकारी ने इस बात पर किया है रामलीला कम्यूनिटी में कड़ा वाला विरोध प्रकट? कहा है हमें पसंद नहीं आती है इस तरह की उठा पटक?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के सतेन्द्र चौधरी के दिल में हमने उस वक्त देखा भगवा पहलवान के लिए सम्मान? जब चल रहा था आरडी शर्मा का बर्थडे वाला प्रोग्राम? वो प्रोग्राम में मिस्टर शर्मा को कुछ ही देर में चले गये वापस देकर बर्थडे की बधाई? मगर 15 मिनट बाद उन्होंने फिर से दे दिये कार्यक्रम में दीदार? जब उनके पास पहलवान के कार्यक्रम में आगमन की सूचना आई? कहने वाले ने कहा 15 मिनट में आदमी कर लेता है पूरा काफी लंबा सफर? लौटता वही वापस है जो करता है किसी की कदर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने किया भगवा कमांडर का बर्थडे अटैंड? भीड़ ने तोड़े हुए थे सारे रिकार्ड? हमने यहां पर एक बात की बारीकी से नोट? खड़े खड़े चढ़ रही थी विधायक जी को बहुत ज्यादा थकान? ये देखकर भाभी जी हो रही थी परेशान? उन्होंने कमांडर के प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी जी का खींचा इस बात पर ध्यान? कहा कि भैया आप उनका रखो विशेष रूप से ध्यान? उन्हें हो रही है थकान? कहने वाले ने कहा जो होते हैं चेहरे पारिवारिक और खास? उन्हें ही बताये जाते हैं इस तरह के काम? इसलिए तो युवा क्रान्तिकारी त्यागी अक्सर गाते रहते हैं कमांडर के गुणगान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्टी कार्यालय से जो चेहरा चल रहा था नदारद? सुना है करने वालों ने कर लिया उसको बरामद? मगर इतना और पता चला है कि उसे कमरा बंद करवाकर करवाये गये हैं इस्तीफे पर सख्ती से साईन? साईन कराने की वजह ये पता चली है कि इस चेहरे ने एक काम नहीं किया है फाईन? सुना है जो काम किया है उसको लेकर ही गिरी है गाज? देख लेना इसके बाद उसके कार्यालय पर दर्शन नहीं होंगे साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गृह कर के खिलाफ गाजियाबाद में संघर्ष तेज 18 सितंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई




### संघर्ष समिति ने गृह कर में बढ़ोतरी के खिलाफ एक ठोस रणनीति तैयार की है, जिसमें निम्नलिखित मुख्य बिंदु शामिल हैं:

- सभी निवासियों से तब तक गृह कर जमा न करने का आग्रह किया गया है, जब तक कि बढ़ी हुई दरें वापस नहीं ले ली जातीं।
- शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर गृह कर बढ़ोतरी के विरोध में बैनर और तख्तियां लगाई जाएंगी।
- सोशल मीडिया पर #ळ्ठ्य्र्ऱ्ष्ह्स्४ऱ्३७ु हैशटैग का उपयोग करके विरोध प्रदर्शन की वीडियो साझा कर लोगों को एकजुट किया जाएगा।
- इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएंगे।
- सोसाइटियों और रिहायशी इलाकों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।
- गृह स्वामी व्यक्तिगत रूप से नगर निगम में जाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा अप्रत्याशित रूप से बढ़ाए गए गृह कर के विरोध में शहर के निवासियों का संघर्ष तेज हो गया है। इस आंदोलन को कमजोर होने से रोकने के लिए, नागरिकों से 20 प्रतिशत की छूट के लालच में गृह कर जमा न करने की अपील की गई है। हाल ही में कवि नगर के जयशंकर प्रसाद पार्क में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस सभा में सर्वसम्मति से इस आंदोलन को संगठित रूप देने के लिए गाजियाबाद संघर्ष समिति का गठन किया गया।




बता दें कि नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए गृह कर के खिलाफ तीन पूर्व पार्षदों ने उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर रखी है। इस मामले की सुनवाई पहले 11 सितंबर को होनी थी, लेकिन अब इसकी अगली तारीख 18 सितंबर तय की गई है।

# मधुबन बापू धाम के ग्रुप हाउसिंग टावर में लिफ्ट बंद होने की घटना का प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

### लिफ्ट की कराई गई मरम्मत, फर्म के खिलाफ जारी किया गया नोटिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित मधुबन बापूधाम योजना में स्थित ग्रुप हाउसिंग जीएच 4 के गोल्डन बैरी टॉवर में लगी लिफ्ट के 13 सितंबर को अचानक बंद हो जाने के कारण उसमे दो बच्चों के फंसने की शिकायत को प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा संज्ञान लिया गया। हालांकि रात लगभग 8:18 पर लिफ्ट के बंद होने और बच्चों के फंसने की शिकायत के कुछ समय के भीतर रेस्क्यू कर लिया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। लिफ्ट का रखरखाव कर रही फर्म मैसर्स ओमेगा एलीवेटर्स को तत्काल लिफ्ट ठीक करने के निर्देश दिए गए। आज संबंधित टेक्नीशियन द्वारा लिफ्ट का निरीक्षण करते हुए लिफ्ट की बेल्ट, ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस व इमर्जेंसी बटन की मरम्मत कराते हुए सुचारू रूप से संचालित करा दिया गया। भविष्य में इस तरह की दिक्कत न आए, इसके लिए फर्म को नोटिस भी जारी किया गया।





# गंगा वैली फार्म्स दक्षिण दिल्ली के चिकित्सकों का विशेष मेला

## आईएमस के 75 से अधिक डॉक्टर परिवार सहित शामिल, वृक्षारोपण कर दिया हरित पर्यावरण का संदेश

**गढ़मुक्तेश्वर, करंट क्राइम।** गंगा किनारे बसे लग्जरी रिसॉर्ट गंगा वैली फार्म्स ने रविवार, 14 सितंबर को एक बार फिर अपनी विशेष पहचान बनाई। गंगा वैली और रिधिशा ग्रुप द्वारा आयोजित मेले का इस बार केंद्र बिंदु दक्षिण दिल्ली का चिकित्सक समुदाय रहा। भारतीय चिकित्सा संघ से जुड़े 75 से अधिक प्रतिष्ठित डॉक्टर अपने परिवारों सहित यहाँ पहुँचे और कार्यक्रम में भागीदारी की। सभी अतिथियों ने स्वादिष्ट भोजन, ग्रामीण सांस्कृतिक माहौल और मनोरंजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम की सफलता पर धीरज गोयल, संदीप शर्मा और डॉ. दिवाकर गुप्ता ने विशेष रूप से सिकंदर यादव, रोहित, यतेन्द्र चौधरी व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद किया। गंगा वैली फार्म्स ने एक बार फिर साबित किया कि यह न केवल निवेश और आवास का आकर्षक केंद्र है, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख स्थल भी बन चुका है।





### गंगा वैली फार्म्स : एक ड्रीम प्रोजेक्ट

- लग्जरी फार्म हाउस, ऑर्किड कॉटेज और मैंगो फार्म्स के लिए प्रसिद्ध
- एनएच-9 से केवल 9 किमी व पुरानी दिल्ली-मेरठ रोड से 6 किमी की दूरी
- 300-1000 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध
- गेटेड सोसाइटी, सुरक्षित वातावरण और ग्रामीण जीवनशैली का अनोखा अनुभव।

कार्यक्रम में डॉ. दिवाकर गुप्ता, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. आर. के. सिन्हा, डॉ. शरद लक्कटे, डॉ. एस. के. पोद्दार, डॉ. एम. के. मुद्गल, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. जलज और दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता सहित नामचीन हस्तियाँ शामिल हुईं। मेले की विशेषता वृक्षारोपण अभियान रहा, जिसमें चिकित्सकों और उनके परिवारों ने पौधे लगाकर हरित व सुरक्षित पर्यावरण का संदेश दिया।

### फार्म हाउस से जा रहा है पर्यावरण संरक्षण का बेहतर संदेश : सिकंदर यादव

**करंट क्राइम।** आधुनिक समय में फार्महाउस केवल एक विलासिता नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी का हिस्सा भी हैं। यहाँ आने वाले हर व्यक्ति को न सिर्फ. निवेश और आवास का अवसर मिलता है, बल्कि प्रकृति से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश मिलता है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया क्षेत्रीय बैडमिंटन और बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विद्या भारती से सम्बद्ध नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को क्षेत्रीय बैडमिन्टन एवं बास्केट बॉल प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 जिलों व उत्तराखण्ड के लगभग 400 खिलाडी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है। इन सभी खिलाडियों के रहने व खाने-पीने की व्यवस्था तीन दिन तक विद्यालय में ही रहेगी। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन शाम 7:00 बजे किया गया।

उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल ने की। मयंक गोयल ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को जीवन में खेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जीवन में अनुशासन के लिए खेल बहुत उपयोगी है। साथ ही स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए भी खेल की उपयोगिता है। अध्यक्ष राम प्रकाश ने सभी खिलाड़ियों का विद्यालय में स्वागत किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में सतपाल क्षेत्रीय खेल संयोजक विद्या भारती, गौरव मिश्रा सदस्य विद्या भारती खेल समिति मेरठ प्रांत, प्रदीप गुप्ता, प्रांत संगठन मंत्री मेरठ प्रांत विद्या भारती उत्तर प्रदेश, दीपांशु पाल प्रबंधक विद्यालय प्रबंध समिति व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।